

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

हिन्दी मासिक जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

वर्ष : 17 अंक : 204 29 जुलाई, 2022 मूल्य : 30/-प्रति

## माली संस्थान, जोधपुर द्वारा निर्मित

# आरोग्य भवन धर्मशाला का भव्य उद्घाटन

**दिनांक 28 जुलाई 2022 दोपहर 12 बजे**

गली नं. 11, एम्स के सामने, रामसुख नगर, बासनी द्वितीय चरण, जोधपुर



महंत परमहंस श्री 108 रामस्नेही

**संत श्री रामप्रसादजी महाराज**

**नैनी बाई का मायरा**

दिनांक 26 से 27 जुलाई 2022 समय दोपहर 1 से 4 बजे तक

दिनांक 28 जुलाई 2022 समय दोपहर 11 से 12 बजे तक





मुख्य अतिथि

**श्रीमान् अशोक गहलोत**

माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार

# ऑल इण्डिया सैनी समाज राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह की झलकियां

















## माली सैनी संदेश पत्रिका के सम्मानीय संरक्षक सदस्यगण



जस्टिस श्रीमान देवेन्द्र कच्छवाह
(पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाईकोर्ट)



एडवोकेट श्रीमान पुरूषोत्तम सोलंकी
(समाजसेवी, बाड़मेर)



श्रीमान नरेन्द्रसिंह गहलोत
(पर्यावरणविद्, समाजसेवी, जोधपुर)



श्रीमान रघुभाई देवड़ा
(भामाशाह - समाजसेवी, सिरोही)

## संपादक की कलम से...

# सामाजिक अपेक्षाओं की नहीं करें उपेक्षा...

हमारे जीवन की महानता इसी में है कि सब मिलकर श्रेष्ठ समाज का निर्माण करें। बीते समय की , त्रुटियों की चर्चा कोई लाभादायक नहीं है। अब तो हमारी होशियारी और समझदारी इमी में है कि वर्तमान एवं भविष्य की सामाजिक प्रगति तथा सुव्यवस्था पर ध्यान दें एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।

सर्वप्रथम समाज के प्रति हीन भावना को समाप्त करें। हम माली सैनी है तो श्रेष्ठ है, हमे फिर पश्चाताप किस बात का ? क्या लिखमोजी महाराज, महात्मा ज्योति बा फूले, माता सावित्री बाई फूले जैसे विश्व प्रसिद्ध मानव धर्म के हितेषी किसी से कम थे। हमारे जाति शब्द उच्चारण एवं संस्कृति में सेवा भाव, सरल स्वभाव, स्वावलम्बन, मानवता, प्रभु भक्ति और कल्याणकारी नीति समाहित है। इन्हीं सदगुणों को लेकर हमारा समाज के सभी वर्ग हमसे कई अपेक्षाए रखते है, हम मर्यादाओं का ध्यान रखते हुए और महात्मा फूले की शिक्षा के अनुरूप व्यवहारिक जीवन से समजा का चहुँमुखी विकास करें। सामाजिक समरसता की भावना से सहयोग, भाईचारा, सुख शांति और सज्जनता का मार्ग अपनाएँ।

समाज में ना समझ, अशिक्षित, अहंकारी, झूठे लोग समाज के प्रति उपेक्षा की भावनाओं से ग्रस्त है। मतलब सिद्ध करना और लोगों को गुमराह करके समाज की एकता में फूट डालना ही उपेक्षावृति कहलाती है। उपेक्षावृति के लोगों में नीति, धर्म और सदाचार के गुणों का आभाव होता है। यही वजह है कि हम समाजोत्थान का सपना पूरा नहीं कर पा रहे हैं। हमारे समाज की अपेक्षाएं है कि दूरदर्शिता एवं पारदर्शिता, परस्पर विश्वास और ईमानदारी से समस्याओं का निदान खोजें शिक्षा का प्रसार हो, व्यसायिक प्रगति हो, सामाजिक कुरीतियाँ मिटे और हर परिवार सुख-शांति का जीवन निर्वाह करें। लेकिन उपेक्षा की नीति रखने वाले समाज सेवी  टाँग खिचाई में पीछे रहते। परिणाम यह होता है कि सब आशाएँ निराशा में बदल जाती है।

समाज के भविष्य को उज्ज्वल बनाने के लिए और भावी पीढ़ी के सुख के लिए निर्धारित अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए हमें खरा उतरना चाहिए। विडम्बना यह है कि आज सज्जनों और सेवाभावी लोगों का उपहास किया जाता है और दुर्जनों को शाबासी दी जाती है तथा उन्हें ही बुद्धिमान माना जाता है। देखा जाता है कि उपेक्षावृति के कई बंधु स्वयं का समाज का कर्त्ता धर्त्ता बतलाते पर स्वयं के स्वार्थ सिद्ध के अलावा कुछ नहीं करते है। यही लोगों को दोहरी नीति समाज को खाए जा रही है। उपेक्षा वृति का त्याग करके सभी लोग समाज की रीति निति एवं हमारे पूर्वजों के आदर्शों का पालन करं तो सामाजिक जीवन का आनंद ही आ जाए। हम सामाजिक प्राणी है, समाज की मर्यादित व्यवहार जीवन शैली के अनुसार चलें। कुरीतियों का त्याग करें, बुरे आचरण का त्याग करें ताकि समाज की पवित्रता में चार चाँद लग जाए। सद्वृतियों की उपेक्षा करने का अर्थ है अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारना। दरअसल सर्वे एवं सम्पर्क इस बात को उजागर करते है कि सामाजिक चिंतन के लिए अच्छे लोगों का प्रतिशत कम है। लोग अधिकाश रूप से आर्थिक होड़ में आगे बढ़ने के प्रयास में है। कतिपय समाज सेवी न तो किसी को आगे बढ़ने देते है न ही किसी और को आगे बढ़ते देखना पंसद करते है। खैर जो जैसे भी है हमारे समाज के है हम यही कामना करते है कि प्रभु उनको सद्बुद्धि प्रदान करें तथा वे समाज की एकता एवं संगठन के लिए सबको साथ लेकर चले। प्रेम और आत्मीयता के साथ परिस्थितियों को समझे, विचारवान बने और सबके कल्याण के लिए कार्य करें।

**निष्कर्ष यह है क हमारे मन में सेवा का आधार जितना नि:स्वार्थ होगा, उतना ही अधिक समाज के लोगों की आत्म चेतना में निखार आएगा। हमारे अहं को दरकिनार करके परहित की भावना ग्रहण करें। समाज गंगा की पतित पावनी धारा में प्रवेश करके हम अपने आपको स्वच्छ, शीतल और पवित्र करें तथा स्वेच्छा भाव से समाज सेवा करे तथा सभी वर्गो को साथ में लेकर समाज का उत्थान करने का कार्य करें, अन्यथा समाज के भीतर कतिपय समाज सेवी बंधुओं के प्रति जो नाराजगी है वो सार्वजनिक होने पर उनके स्वयं के लिए भविष्य कष्टकारी होगा।**

**यह कटु सत्य है।**



मनीष गहलोत
संपादक

जाति समाज से करें प्यार, सुनो भाई जीवणा दिन चार,  जो नहीं करता समाज से प्यार, तो समझो उसका जीवन है बेकार।
समाज सेवा से बड़ी लाभकारी, मिलकर कदम बढ़ाओ, नर हो या नारी हमारे समाज का सुखी हो हर परिवार
विनती करता है माली सैनी संदेश परिवार बारम्बार।।

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ आजादी के लड़ाई में कंधा मिलाकर उनके पीआरओ के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान करने वाले

# फ्रीडम फाइटर अजीत सैनी पर बनी फिल्म तमिलनाडु के गर्वनर द्वारा रिलीज



जालंधर। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के पीआरओ रहे फ्रीडम फाइटर अजीत सैनी के जीवन पर आधारित बायोपिक ''कैप्टन अजीज सैनी'' आईएनए एन अनटोल्ड स्टोरी ऑफ फ्रीडम स्ट्रगल तमिलनाडु में रिलीज की गई। इस बायोपिक को तमिलनाडु के गवर्नर रविंदर नारायण रवि चैन्नई के राज भवन में रिलीज किया गया। इस समारोह में फ्रीडम फाइटर अजीत सैनी के सुपृत्र जालंधर वैलफेयर सोसायटी के महासचिव और समाज सेवक सुरिंदर सैनी को खास तौर पर सम्मानित किया गया।

सुरिंदर सैनी ने बताया कि वहां राज भवन में उनके पिता के बायोपिक रिलीज करके जो सम्मान दिया गया, इसे लेकर वह बहुत खुश है और तमिलनाडु के गर्वनर के आभारी है। उन्होंने बताया कि यह प्रोग्राम आईएएन से जुड़े फ्रीडम फाइटर्स के बच्चों की तरफ से आयोजित कराया गया था जिसमें देशभर से स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों ने भाग लिया था। हम सभी को गर्व है कि देश की आजादी के महत्वपूर्ण कार्य में हमारे समाज के अनेकों अनेक महापुरूषों ने भी योगदान दे हमें गौरवान्वित किया है।









# सुमेर स्कूल की 124 वीं वर्षगांठ पर संस्थापकों के स्मारक एवं विकास कार्यो का लोकार्पण




जोधपुर। सुमेर शिक्षण संस्थान के 28 अगस्त, 1898 को जोधपुर में समाज के प्रथम विद्यालय की नींव रखने वाले संस्थापकों ठे. सायबराम गहलोत, ठे. पोकर कच्छवाह, ठे. पुरखाराम सांखला, ठे. मेघाराम कच्छवाह द्वारा रखी गई थी। आज 124 वर्ष बाद सुमेर शिक्षण संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा सभी संस्थापकों की स्मृति को चीरस्थायी बनाने के लिए संस्थापकों के स्मारक का लोकार्पण एवं नवनिर्मित विभिन्न भवनों के विकास कार्यो के उद्घाटन राज्यसभा सांसद राजेन्द्र गहलोत, राज्य पशुधन विकास बोर्ड के चैयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, नगर निगम उत्तर महापौर श्रीमती कुंती परिहार एवं राजसीको के डायरेक्टर सुनील परिहार के द्वारा स्कूल परिसर में किया गया।

संस्थान की ओर से अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। निदेशक मण्डल अध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाहा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इसके बाद संस्थान की स्थापना करने वाले महापुरूषों के स्मारक का अनावरण एवं विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण किया गया। प्रबंध समिति के सचिव जसवंत सिंह कच्छवाहा द्वारा 123 वर्षो के इतिहास का परिचय व शिक्षण संस्थान द्वारा किए गए कार्यो का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के सभी पदाधिकारियों कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा संस्थापकों को श्रद्वाजंलि अर्पित की गई।

### जालोर, मेड़ता में निकाली गई शोभायात्रा में मातृशक्ति एवं युवाओं ने बढ़ चढ़ कर लिया भाग

# संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की 272वीं जंयती पर देशभर में भव्य आयोजन

### जोधपुर में भजन संध्या व प्रसादी में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, उज्जैन एवं अन्य जिलों में भी हुए भव्य आयोजन





#### संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज के जयंती महोत्सव पर भव्य शोभायात्रा

**जालोर।** माली समाज जालोर की ओर से जालोर शहर में लिखमीदास महाराज की जयंती महोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। माली समाज सदस्य सुरेश सोलंकी ने बताया कि शोभायात्रा की शुरुआत शहर के जागनाथ महादेव मंदिर राजेंद्र नगर से हुई, जो अस्पताल चौराहा, हरिदेव जोशी सर्किल होते हुए संत लिखमीदास मंदिर माली समाज सब्जी मंडी कस्तूरबा कश्वलोनी जालोर पहुंची। शोभायात्रा में बालिकाएं कलश धारण किए हुए चल रही है। कार्यक्रम में संत श्री साई नाथ महाराज का सान्निध्य रहा। शोभायात्रा में घोड़े, कच्छी घोड़ी, गैर नृत्य, लूर, शिव शंकर भोलेनाथ की सुंदर झांकी आकर्षण का केंद्र रही। शोभा यात्रा बाद लिखमीदास मंदिर प्रांगण मे ध्वजा चढाई गई। ध्वजा कार्यक्रम के बाद महाआरती का आयोजन किया गया।

**भीनमाल।** क्षेमंकरी माता मंदिर तलहटीमाली समाज भवन में बुधवार को माली समाज के आराध्य संत श्री लिखमीदास महाराज की 272 वीं जयंती व गुरुपूर्णिमा महात्सव आयोजित हुआ। कार्यकम में माली समाज के लोगों ने संत लिखमीदास की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। इस मौके आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सेवानिवृत न्यायाधीश भलाराम परमार ने कहा कि संत लिखमीदास विरले संत थे। उन्होंने गृहस्थ जीवन में रहकर भी भगवान की समर्पित भाव से भक्ति की थी। पूर्व पालिकाध्यक्ष जी एम परमार ने कहा कि भक्ति के लिए आडम्बर की आवश्यता नहीं है। संत लिखमीदास भी आडम्बर व अंधविश्वास से दूर रहे। जयरूपाराम माली ने कहा कि संत लिखमीदास ने समर्पित भाव से भगवान की भक्ति की। उनके द्वारा रचित भजन व दोहे आज समाज के साथ अन्य समाजों का पथ-प्रदर्शित कर रहे है। माली युवा संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सुंदेशा ने उपस्थित लोगों से आव्हान किया कि संत लिखमीदास महाराज के बताए मार्ग का अनुसरण कर समाज को नई दिशा दे। संगोष्ठी को मोहनलाल संदेशा व सीए जितेन्द्र कुमार माली ने समाज में शिक्षा के साथ संस्कारों की आवश्यकता जताई। शिक्षाविद् पारसमल सांखला ने भी संत लिखमीदास की जीवनी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संत लिखमीदास महाराज की भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा रखी। उन्होंने हमेशा आध्यात्मिक भक्ति की। संत लिखमीदास सेवा संस्थान के सचिव भंवरलाल सोलंकी ने अतिथियों व आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया एवं प्रतिभा सम्मान समारोह व सामूहिक सम्मेलन की तैयारियों पर भी चर्चा की।

इस मौके संत लिखमीदास सेवा संस्थान के अध्यक्ष छगाराम सांखला, भंवरलाल सोलंकी, दलाराम माली सिलासन, बाबुलाल सुंदेशा (होण्डा), किशनाराम माली, प्रभुराम सांखला, सीएल गहलोत, चतराराम सुंदेशा, पारसमल सुंदेशा, रमेश सुंदेशा, चेलाराम गहलोत सहित कई लोग मौजूद थे।

**चितलवाहना** कस्बे के माली समाज धर्मशाला में बुधवार को लिखमीदास महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। माली युवा संगठन समिति चितलवाना के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन करने वाले भामाशाहों का युवा संगठन समिति की ओर से बहुमान किया गया। कार्यकम में स्मृति वन के चैयरमैन अमराराम परमार ने गुरुदेव लिखमीदास महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। माली समाज कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जगदीश सोलंकी ने बालिका शिक्षा पर बल दिया। पूर्व माली समाज छात्रावास अध्यक्ष जवाराराम परमार ने समाज के एकता व संगठन को मजबूत करने की बात कही।

#### विशाल भजन संध्या का आयोजन

**जालोर 14 जुलाई।** माली समाज जालौर द्वारा जालौर शहर में संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की जयंती महोत्सव पर विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। माली समाज सदस्य एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि विशाल भजन संध्या का आयोजन संत श्री साईनाथ महाराज के सानिध्य में चामुंडा गार्डन में आयोजित हुई। सुप्रसिद्ध भजन कलाकार रमेश माली ने संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज पर भजन जागो माली रा जाया लिखमीदास जीश लिखमो जी रो देवरो, लिखमाजी री महिमा भारी, ठाकुर जी महाराज बाबा रामदेव जी सहित कहीं भजनों की प्रस्तुतिया दी। विशाल भजन संध्या का मंच संचालन राजू माली बालोतरा ने किया।

कार्यक्रम में नारायण सोलंकी, विक्रम सोलंकी, सुरेश सुंदेशा, मंगलाराम साँखला, दिनेश महावर, मुकेश सुंदेशा, देशराज सोलंकी, माली समाज सेवा संस्थान अध्यक्ष सांवलाराम सांखला, ओटाराम सुंदेशा, मदन सोलंकी, सांवलाराम परिहार, मांगीलाल

परिहार, लक्ष्मण सिंह सांखला, नेनाराम माली, हरीश गहलोत, मोहनलाल, गणपत सोलंकी, प्रकाश गहलोत, प्रकाश परमार, महावीर परमार, रमेश सोलंकी, चेलाराम सोलंकी, अंबालाल परिहार, सुरेश सोलंकी, वरदाराम, राजू भाई गहलोत, शंकर गहलोत, तगाराम कस्तूराराम परिहार, हुकमीचंद सोलंकी, नरेंद्र सोलंकी, मुकेश सांखला, लहरीराम सुंदेशा, रामसा माली, मोहनलाल माली, कुयाराम गहलोत, अशोक सुंदेशा, पुखराज सोलंकी सहित कहीं माली समाज के वरिष्ठ जन पंचगण माताएं बहने युवा साथी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### लिखमीदास महाराज जयंती महोत्सव पर भामाशाह व के गौरवों का किया सम्मान :

**जालोर।** माली समाज जालोर द्वारा शहर में संत शिरोमणी लिखमीदास महाराज की जयंती महोत्सव के दौरान समाज के गौरव व भामाशाहों के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माली समाज सदस्य एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने बताया कि सम्मान कार्यक्रम में सहयोग करने वाले भामाशाह, समाज के डश्क्टर, समाज के अधिवक्ता, समाज के सीए, समाज के पार्षदगण, प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत समाज बंधुओं का साफा व दुपट्टा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में प्रकाश परमार, रमेश सोलंकी सहित कई वक्ताओं ने उद्‌बोधन दिया तथा समाज के हजारों लोगों ने प्रसादी ली।

कार्यक्रम में नगर परिषद सभापति गोविंद टाक, आयुक्त महिपाल सिंह ने भी शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। आयोजन मंडल के विक्रम सोलंकी ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वजाति बंधुओं का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन राजू माली ने किया। आयोजन में समाज के प्रबुद्धजनों सहित माली समाज के वरिष्ठ जन, पंचगण, माताएं, बहने, युवा सहित भारी संख्या समाज बन्धु उपस्थित थे।

**उज्जैन।** माली समाज द्वारा स्थापित शैक्षणिक समिति 'संत श्री लिखमीदास शैक्षणिक एवं परमार्थिक समिति' द्वारा समाज के संत श्री का जन्म दिवस द्धगुरु पूर्णिमा हर्षोल्लास से समिति कार्यालय, रस्सीगली– उर्दूपुरा में मनाया गया।

जानकारी देते हुए समिति के संचालक सत्यनारायण कच्छवाह ने बताया कि सर्वप्रथम संस्था अध्यक्ष नेमीचंद मारोठिया, सचिव हिम्मत बागड़ी, उपाध्यक्ष लालाराम गहलोत सहित समाज प्रमुखों ने संत श्री के चित्र पर माल्यार्पण– पुष्प अर्पण किया। स्वागत पश्चात उद्‌बोधन में यादव प्रसाद बनासिया, सुरेश चंद्र गहलोत, बालकिशन कुशवाहा ने कहा कि गुरु बिना जीवन अधूरा है। संत लिखमीदास जी माली समाज के ऐसे संत हुए हैं जिनका जन्म राजस्थान के नागौर जिले में गुरु पूर्णिमा के दिन हुआ, संत श्री ने अपने जीवन में अनेक चमत्कार किए। गजानंद रामी ने कहां की ऐसे संतो से हमें प्रेरणा लेना चाहिए जिससे हमारा जीवन सफल हो। संस्था के प्रेमनारायण मारोठिया द्वारा बताया गया कि शिक्षण समिति के माध्यम से विगत वर्ष से बच्चों को नि:शुल्क अभ्यास पुस्तिका का वितरण किया जा रहा है एवं इस वर्ष समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का विचार चल रहा है।

इस अवसर पर शिक्षक किशोर भाटी,कमल सांखला, दिनेश भाटी, संतोष सैनी, दिनेश गहलोत, श्रीमती प्रेमलता गहलोत, श्रीमती प्रेरणा गहलोत, कुमारी मानसी गहलोत सहित समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण कच्छावाह ने किया व आभार हिम्मत बागड़ी ने माना।

### अमरपुरा धाम में श्रद्धा, भक्ति आस्था का ज्वार उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन

**नागौर।** सामाजिक समरसता के प्रतीक व समाज सुधारक संत शिरोमणि लिखमीदास जी महाराज की 272 वी जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई। जिला मुख्यालय के समीप स्थित अमरपुरा ग्राम में इस अवसर पर संत शिरोमणि की समाधि स्थल स्थल पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास जी महाराज स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा नागौर के कोषाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न स्थान ग्रामों से आए हुए हजारों श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा, भक्ति भाव के साथ दर्शन लाभ प्राप्त किए गए। साथ ही बाबा रामदेव सहित अन्य देवी देवताओं के मंदिर में भी श्रद्धालुओं द्वारा दर्शन करके पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं के भक्ति भाव के बीच महा आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चन किया। बाद में श्रद्धालुओं द्वारा भोजन प्रसादी भी ली गई।

इस अवसर पर भोपालगढ़ से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने वाहन रैली के साथ दर्शन किए। श्रद्धालुओं का यह दल भोपालगढ़ से रवाना होकर अनेक ग्रामों सहित ताऊसर, चेनार से होता हुआ शाम 6बजे अमरपुरा पहुंचा। लिखमीदास जी महाराज की जय और हिंदू धर्म व आध्यात्मिकता से संबंधित उद्घोष के साथ श्रद्धालुओं का यहां भाव भीना स्वागत किया गया। इस अवसर पर भोपालगढ़ के पांचाराम सोलंकी पूर्व अध्यक्ष माली समाज भोपालगढ़, कालूराम सोलंकी, सुमेर सिंह भाटी,महेंद्र प्रताप देवड़ा, किशोर सोलंकी, सुमेर देवड़ा, श्याम लाल देवड़ा, इंद्रजीत, गोविंद, शिवराम सहित अनेक श्रद्धालुओं ने इस वाहन रैली का नेतृत्व किया।

इस अवसर पर राम कुमार सोलंकी, धर्माराम सोलंकी, कानाराम सांखला, हेमंत टाक, कृपाराम गहलोत, योगेंद्र सोलंकी, मोहन सिंह भाटी, आईदान राम भाटी, अमृता लाल, बजरंग सांखला लोकेश टाक, टीकमचंद कच्छावा, मांगीलाल गहलोत, राधेश्याम टाक सहित अनेक समाज बंधुओं ने सहयोग किया।

**बैंगलूर।** माली सैनी समाज 31 खेड़ा, बैंगलूर का गुरू पुर्णिमा व 10वां वार्षिक स्नेह मिलन एवं संत लिखमीदास जी महाराज की 272वीं जयंती के उपलक्ष में पूजा, अर्चना आरती, सुंदरकाण्ड पाठ, चढ़ावा एवं सत्संग का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस अवसर पर रकतदान शिविर का आयोजन भी किया गया और बच्चों को पुरस्कार दिए गए। भजन कलाकार जुगल किशोर ने भजन प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी महेन्द्र मुणेत और पूर्व पार्षद राजन्ना उपस्थित हुए।

इस अवसर पर समाज की नई कार्यकारिणी गठित हुए जिसमें अध्यक्ष ओमप्रकाश बागवान, सभापति नारायणलाल सांखला, उपाध्यक्ष रामप्रकाश सांखला, सचिव दीपारामभाटी, सहसचिव संपतराम भाटी, सलाहकार मीठालाल भाटी, सह सलाहकार उगमाराम चौहान, सूचना मंत्री बाबूलाल पंवार को बनाया गया।

**पीपाड़।** संत लिखमीदास महाराज की 272वीं जयंती पर लिखमीदास मंदिर सब्जी मंडी में महाआरती व प्रसादी का कार्यक्रम हुआ। इस दौरान मालियान सब्जी मंडी में जागरण हुआ, जिसमें लिखमीदास महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस मौके नगरपालिका चेयरमैन समुदेवी सांखला, सब्जी मंडी अध्यक्ष श्रवणराम टाक, माली छात्रावास अध्यक्ष गोबर सिंह कच्छवाह, पूर्व सत्यनारायण भाटी, बाबूलाल सांखला, जगदीश, महेंद्र के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके पदचिह्नों पर चलने की बात कही।



छगन भुजबल, कैशव प्रसाद मौर्य सहित अनेकों दिग्गजों के साथ देश के राजनेताओं प्रबुद्धजनों ने लिया भाग

# ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

नई दिल्ली। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज द्वारा आयोजित ऐतिहासिक राष्ट्रीय अधिवेशन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह नई दिल्ली स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में रविवार 10 जुलाई को संपन्न हुआ। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज, राजस्थान पश्चिम से प्रदेशाध्यक्ष अजय सैनी के नेतृत्व में युवा कार्यक्रम में शामिल हुये।

कार्यक्रम उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य तथा महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री छगन भुजबल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर राज्यसभा से सांसद राजेंद्र गहलोत, पूर्व सांसद कुरुक्षेत्र राजकुमार सैनी, पूर्व सांसद गुरुदयाल सिंह सैनी, राज्यसभा सांसद श्रीमती डॉ कल्पना सैनी, लोकसभा सांसद संघमित्रा मौर्या, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री जसवंत सिंह सैनी, बिहार के पंचायती राज्य मंत्री ओम प्रकाश सैनी, पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार के उपेंद्र कुशवाह, हरियाणा के विधायक बी. एल. सैनी, महात्मा ज्योतिबा जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती बाबा फूले, यूपी के बाहुबली नेता स्वामी प्रसाद मौर्य, महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री बापू भुजबल सहित सैकड़ों की संख्या में देशभर के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत में आम सभा की बैठक का प्रस्ताव रखा संस्था के कार्यो पर प्रकाश डाला। जिसमें राष्ट्रीय संगठन महासचिव राजकुमार सैनी ने 3 वर्ष के कार्यो पर प्रकाश डाला कोषाध्यक्ष आजाद सिंह सैनी ने कोष का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी के कार्य की प्रशंसा करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा अल्का सैनी द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के प्रयासों की सराहना की। मुख्य संरक्षक चौधरी इन्द्रराज सैनी एवम पूर्व अध्यक्ष श्रीपाल सैनी एवं संरक्षक जय भगवान सैनी ने भी सभा को संबोधित किया।

परंतु 2 वर्ष कोरोना काल में कार्य नहीं होने की वजह से दिलबाग सैनी जी को 2 वर्ष का अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त समय दिए जाने का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने दोनों हाथ उठाकर सर्वसम्मति से समर्थन किया। बतौर मुख्य अतिथि छगन भुजबल ने संबोधित करते हुए कहा के हमने आरक्षण के लिए बहुत लंबी लड़ाई लड़ी है और हम सरकार से मांग करते हैं की आगामी जनगणना में जाति आधारित जनगणना करवाई जाए जिससे हमें आरक्षण का वास्तविक लाभ मिल सके।

उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने संबोधन में एकता के साथ मजबूती से सामाजिक मुद्दों को तथा राजनीति में समाज के प्रभुत्व को बढ़ाने की अपील की। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग सैनी ने केशव प्रसाद मौर्य को भारत सरकार के नाम मांग पत्र सौंपा जिसमें माता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिन को महिला शिक्षिका दिवस घोषित किये जाने की मांग की तथा फुले दंपत्ति को भारत रत्न से सम्मानित करवाए जाने का मांग पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में समाज की उभरती हुई प्रतिभा साइन सैनी ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से शमा बांध दिया। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न प्रदेशों से समाज के हजारों समाज बंधुओं ने भाग लिया।









### दौसा एवं चुरू में समाज के विभिन्न संगठनों एवं जन प्रतिनिधियों ने एक सुर में आरक्षण की पूरजोर की मांग

# 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर समाज की पंचायत में उमड़ा समाज

### संघर्ष समिति की मांगों पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से 2 घंटे इस संदर्भ में साकारात्मक लंबी वार्ता कर दिया आश्वासन

दौसा। 12 प्रतिशत आरक्षण एवं 11 सूत्रीय मांग को लेकर सोमवार को सैनी समाज ने महापंचायत में हुंकार भरते हुए आरपार की लड़ाई का ऐलान किया। दौसा सहित आसपास के जिलों से समाज के हजारों लोगों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार है। हम यह शांति से मिल जाए तो ठीक नहीं तो इसके लिए हमें चाहे रेल की पटरी उखाड़नी पड़े या रोड जाम करना पड़े।

**हम पीछे नहीं हटेंगे:**

महापंचायत में महापंचायत के संयोजक भागचंद सैनी टांकडा, फूले बिग्रेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीपी सैनी, आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारीलाल सैनी, जिलाध्यक्ष गिर्राज सैनी, सैनी आदर्श विद्या मंदिर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सैनी, लटूरमल सैनी, लालाराम सैनी, रघुवीर सैनी, पूर्व आईएएस ओपी सैनी, प्रदीप सैनी, भगवानसहाय सैनी, कैलाश सैनी, अंजली सैनी, सैनी महापंचायत जयपुर प्रदेशाध्यक्ष दीपक सैनी, कमल सैनी, रामजीलाल सैनी, सुनीता सैनी ने कहा कि आरक्षण हमारा संवैधानिक अधिकार हैं। महापंचायत अभी टेलर है पिक्चर अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि हमें किसी राजनीतिक पार्टी से मतलब नहीं हैं। जो पार्टी हमारी मांग को सर्मथन करेगी हम उसके साथ हैं। पूर्व मंत्री भूपेंद्र सैनी, पार्षद दिलीप सैनी, गिरिराज सैनी सहित समाज के हजारों लोग मौजूद रहे। महापंचायत में बांदीकुई के अलावा अलवर, भरतपुर, करौली, जयपुर, गंगापुर सिटी, सवाईमाधोपुर से सैनी समाज के लोगों ने भाग लिया। महापंचायत में कहा गया कि राजस्थान में जातिगत गणना होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर ओबीसी आरक्षण की समीक्षा हो, आरक्षण समिति का तहसील, जिला के अलावा विधानसभा वार भी गणना हो, आरक्षण समिति समाज के मतदाताओं की संख्या भी रखे, नौकरियों को लेकर राजस्थान में कैटेगिरी बने। भीड़ को देख प्रशासन ने ऐनवक्त पर बदला रूट महापंचायत के बाद समाज के लोगों को रैली के रूप में झालानी बगीची फाटक, बडियाल रोड होते हुए मुख्य बाजार से एसडीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन देना था। लेकिन महापंचायत में भीड़ उमड़ने से प्रशासन ने ऐनवक्त पर रैली का रूट बदल दिया। इससे भीड़ दोनों रूट पर डायवर्ट हो गई। रास्ते में भीड़ को रोका तो सड़क पर बैठ गए लोग लोगों को राजेश पायलट राजकीय कालेज के पास प्रशासन ने रोक लिया। लोग एसडीएम कार्यालय जाकर ज्ञापन देने की मांग करते हुए सड़क पर बैठ गए। मौके पर पहुंचे एएसपी डॉ. लालचंद कायल एवं एसडीएम नीरज मीना मौके पर पहुंचे और समझाइश कर लोगों से वहीं ज्ञापन लेने के लिए राजी किया। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर एसडीएम नीरज मीणा को राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम समाज के लोगों ने ज्ञापन सौंपा।

**चुरू।** जिला मुख्यालय पर पहली बार आरक्षण की मांग को लेकर सैनी समाज ने रैली के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया। फुले आरक्षण संघर्ष समिति की ओर से आरक्षण की मांग समेत 11 मांगों को लेकर मंगलवार को इंद्रमणि पार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। रैली में चूरू तहसील के अलावा सुजानगढ़, रतनगढ़, सरदारशहर, तारानगर, साहवा व राजगढ़ कस्बों व गांवों से समाज के लोग शामिल हुए। आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक मुरारीलाल सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सीपी सैनी ने कहा कि भरतपुर में चक्का जाम के बाद राज्य सरकार के सकारात्मक आश्वासन को देखते हुए धरना समाप्त किया गया लेकिन जब तक मांगें पूरी नहीं होगी लड़ाई जारी रहेगी।

रैली से पहले इंद्रमणी पार्क में सैनी समाज की सभा हुई। बीसूका के पूर्व उपाध्यक्ष आशाराम सैनी ने सैनी समाज को शिक्षा से जोड़ने एवं भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल बालाण ने महात्मा फुले बागवानी विकास बोर्ड व भारतीय सेना में सैनी रेजीमेंट का गठन करने पर जोर दिया। सैनी, माली, कुशवाह समाज के लिए अलग से एक्ट लाया जाए, जिसमें अत्याचार करने वाली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का प्रावधान हो। वक्ताओं में सैनी समाज जिलाध्यक्ष डूंगरमल सैनी, ओंकारमल सैनी, सत्यनारायण राकासिया, सह संयोजक श्रीराम सैनी, सैनी समाज कर्मचारी एव अधिकारी के जिलाध्यक्ष चानणमल सैनी, नरेंद्र सैनी, दीनदयाल सैनी, मनोज सैनी, मुरलीधर सैनी, शिव भगवान कम्मा, चन्द्रमोहन तंवर, रामनिवाससैनी महेश सैनी, संपत तंवर, ओम प्रकाश टाक सहित ने 11 सत्री मांगों पर प्रकाश डाला। आरक्षण संघर्ष समिति के श्रीराम सैनी ने बताया कि संपूर्ण जिले के सैनी समाज के बंधुओं ने अपने कार्यो से सामूहिक अवकाश लेकर उपस्थिति दर्ज कराई है। आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक गजानंद सैनी के नेतृत्व में सीएम के नाम जिप सीईओ को ज्ञापन दिया गया। रैली में आनंद सैनी, अनिल वालाण, विनोद पापटान, पार्षद भागीरथ सैनी, चंद्रप्रकाश सैनी, चिरंजीलाल सैनी, प्रदीप सैनी, सुभाष, राजेंद्र, हरीश बालाण, अवकाश सैनी, बगड़ के महेंद्र शास्त्री, दिनेश कायस्थपुरा, फुले आरक्षण संघर्ष समिति के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राघव पंवार, वासुदेव कुशवाह, जुगल कम्मा, रमेश किरोड़ीवाल, विमल सैनी, चंद्रप्रकाश बालाण, ताराचंद जमालपुरिया, कमल सैनी आदि शामिल हुए। संचालन जयंत परिहार, दीनदयाल सैनी व विनोद सैनी ने किया।







# संगठित होकर एकजुटता के साथ बढ़ने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने का आह्वान





मेड़ता सिटी। शहर के सातलावास रोड़ पर स्थित निजी आवास पर रविवार को सुबह 11 बजे माली सैनी समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में नागौर, पाली, जोधपुर जिले के 500 से ज्यादा समाज बंधु शामिल हुए। जिसमें अनेक सरपंच, पार्षद, समाजसेवी एवं समाज के पदाधिकारी शामिल हुए। सम्मेलन में सभी वक्ताओं ने एक सुर में माली समाज का संगठन राजनीति से ऊपर उठकर मजबूत करने की बात रखी। वक्ताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि माली समाज की उन्नति चाहते हो तो सारे मतभेद भुला दो और माली समाज की राजनीतिक पहचान बनाने के लिए एकजुट हो जाओ। इस पर सभी ने सहमति प्रदान की।

इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माली सैनी सेवा सदन पुष्कर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला ने कहा कि माली समाज को संगठित होने की आवश्यकता है। माली समाज वर्तमान में कई समूहों में बंटा हुआ है। अगर राजनैतिक पहचान हासिल करनी है तो माली समाज को एक होना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने मतभेद भुलाकर एक जाजम पर बैठकर समाज की उन्नति की बात करनी चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक एवं गोटन माली समाज अध्यक्ष रामकिशोर चौहान ने कहा कि यह एक ऐसी शुरुआत है जो हमें अपनी मंजिल तक पहुंचा सकती है। जरुरत है के हम सब समय आने पर एक साथ इकट्ठे होकर अपने बात रखें। मोकलपुर सरपंच धर्माराम सांखला ने कहा कि कोई भी समाज अकेला अपने दम पर राजनीति में सफल नहीं हो सकता। दूसरे कौम के लोगों की सेवा करें और उनका दिल जीतने का प्रयास करें। पूर्व प्रधान अमराराम माली ने कहा कि सभी लोगों की अपनी-अपनी राजनैतिक विचारधारा है लेकिन जब समाज के विकास की बात हो तो राजनैतिक विचारधारा समाज के विकास के आढे नहीं आनी चाहिए। रियांबड़ी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान राजूराम माली ने कहा कि हमें दूसरे समाज से भी प्रेरणा लेकर राजनीति में आगे बढना चाहिए और जब तक हम राजनीति में आगे नहीं बढेंगे समाज का समुचित विकास नहीं होगा। भोपालगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान पाबूराम माली ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरुतियों को त्यागकर शिक्षा, राजनीति, आर्थिक क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए। इस मौके पर मेड़ता माली समाज के अध्यक्ष बादरराम सांखला ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मेड़ता माली सैनी नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामस्वरुप टाक ने किया। कार्यक्रम में आए सभी मेहमानों का समाज के पूर्व अध्यक्ष गोरधनराम टाक के परिवार द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया।

**ये हुए सम्मेलन में शामिल :** शहर के सातलावास रोड़ पर स्थित माली समाज के पूर्व अध्यक्ष गोरधनराम टाक के निवास पर हुई इस बैठक में माली सैनी सेवा सदन पुष्कर राजस्थान के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला, जैताराण पंचायत समिति के पूर्वप्रधान अमराराम माली, पीपाड़ नगरपालिका के पूर्व चौयरमेन मेहेंद्रसिंह कच्छावा, मेड़ता माली समाज के पूर्व अध्यक्ष गोरधनराम टाक, रामस्वरुप गहलोत, रमजीराम गहलोत, फतेहराज भाटी, कुचेरा नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष पुखराज टाक, बोरुंदा माली महिला मंडल के अध्यक्ष संगीता चौहान, गोटन माली समाज के अध्यक्ष और कार्यक्रम संयोजक रामकिशोर चौहान, मोकलपुर सरपंच धर्माराम सांखला, कात्यासनी सरपंच बाबूलाल जादम, अमरपुरा सरपंच ताराराम गहलोत, रास सरपंच रामदेव माली, मेड़ता माली समाज अध्यक्ष बादरराम सांखला, मेड़ता नगरपालिका पार्षद दिलीप टाक, मोहित टाक, विजयराज सांखला, पूर्व नायब तहसीलदार चंदाराम भाटी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सम्पतराज तंवर, पूर्व एडिशनल डायरेक्टर प्रोस्टिक्यूशन तुलसाराम पंवार, जैतारण माली समाज अध्यक्ष रामदेव माली, मेड़ता माली समाज के महामंत्री जब्बरसिंह भाटी, पूर्व सरपंच सम्पतराज भाटी, पूर्व सरपंच केवलराम पंवार, पूर्व सरपंच भल्लाराम चौहान, पूर्व सरपंच अन्नाराम पंवार, डेगाना तहसील माली समाज अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, हरसौर माली समाज के अध्यक्ष हनुमानराम कच्छावा, जैतारण नगरपालिका पार्षद मनीष माली, पूर्व अध्यक्ष माली समाज नागौर कृपाराम देवड़ा, मेड़तारोड़ माली समाज अध्यक्ष रमेश भाटी, भोपालगढ़ पंचायत समिति के पूर्व प्रधान पाबूराम माली, रामदीन देवड़ा अध्यक्ष माली समाज आसोप, रामजीवन सोलंकी अध्यक्ष माली समाज भोपालगढ़, मेड़ता माली समाज के उपाध्यक्ष शिवराज चौहान, समाजसेवी संग्रामसिंह गहलोत मेड़ता रोड़, पुखराज टाक, देवीलाल भाटी, सुखदेव भाटी रियांबड़ी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाज अध्यक्ष व समाज सेवी शामिल हुए।

## भामाशाह का किया सम्मान एवं किया वृक्षारोपण

जोधपुर। श्री सैनिक क्षत्रिय पूंजला नाडी संरक्षण एवं पर्यावरण विकास संस्थान, जोधपुर द्वारा पूंजला नाडी के विकास कार्य में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान किया तत्पश्चात् वृक्षारोपण किया। संस्थान संयोजक राकेश सांखला व कार्यक्रम संचालक जगदीश देवड़ा ने बताया संस्थान के ध्येय कल के लिए आज की तैयारी के उद्देश्य को सार्थक करते निरंतर पूंजला नाडी पार्क के विकास कार्य किये जा रहे, जिसके चलते आज भामाशाह का सम्मान गया, जिन्होंने पूंजला नाडी के विकास कार्य हेतु आर्थिक सहयोग दिया। साथ ही बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए जीव-जन्तुओं के भोजन-पानी की विशेष व्यवस्था की जायेगी, वही पेड़ों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाड़े (सुरक्षा दीवार) को मजबूत किया जायेगा और जल भराव क्षेत्र में शेष रही साफ-सफाई की जायेगी। कार्यक्रम में भामाशाह नरेन्द्रसिंह गहलोत पर्यावरविद् व उनके साथ आये गणमान्य अतिथि इन्द्रसिंह गहलोत, वंश गहलोत, प्रीतमसिंह, नरपत चौहान का भैरूसिंह परिहार पार्षद 71 द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर गिरधारी सिंह परिहार, भागीरथ परिहार, करण देवड़ा, जयवीर देवड़ा, राधेश्याम सांखला, जवरीलाल भाटी, बलवीर गहलोत, रविन्द्र सरगरा, मुकेश गौड़, झूमरलाल देवड़ा आदि गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। भामाशाह को सम्मान के पश्चात् इनके सहयोग से पूंजला नाडी पार्क में सघन वृक्षारोपण किया जायेगा।



# सैनी कर्मचारी अधिकारी की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव हुए पारित



नई दिल्ली। सैनी अधिकारी कर्मचारी विकास संगठन, दिल्ली के कार्यकारिणी की प्रथम विशेष सभा का आयोजन दिनांक 09 जुलाई 2022 होटल कोचर कॉन्टिनेंटल, करोल बाग में आयोजन किया गया था, जिसमें संस्था के विस्तार, सदस्यता और संस्था के द्वारा किए जाने वाले स्नेह मिलन समारोह के बारे में विस्तृत चर्चा की गई।

सभा की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष संतोष सैनी (नर्सिंग ऑफिसर) ने की। सभा का संचालन अधिवक्ता देवेन्द्र सैनी (सुप्रीम कोर्ट) ने किया। सभा का प्रतिवेदन महासचिव मनीष सांखला द्वारा किया गया। संगठन की समृद्धि व विस्तार के लिए उपस्थित सभी कर्मचारी व अधिकारी-बंधुओं ने अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए और उस पर एक गहन चिंतन और मनन किया गया। सभा की सम्पूर्ण व्यवस्था हेड कांस्टेबल अमित सैनी के द्वारा की गई। इस सभा में मक्खन लाल सैनी (शिक्षक), अरुण सैनी (शिक्षक), अशोक कुमार सैनी (शिक्षक), मुकेश कुमार सैनी (शिक्षक), वीरेंद्र सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), मनोहर लाल सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), जयप्रकाश सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), विमल सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), राजन सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), दिनेश कुमार सैनी (नर्सिंग ऑफिसर), जयराम सैनी (हैड कांस्टेबल), शिव कुमार सैनी (सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी भा.जी.नि.) सहित कई अन्य अधिकारी कर्मचारीगणों ने उपस्थित रह अपने बहुमूल्य सुझाव दिए।

# श्याम लाल सोलंकी बनें अध्यक्ष



बाड़मेर। दिनांक 10 जुलाई 2022 को बाबा रामदेव मंदिर के प्रांगण में हाल ही निर्विरोध निर्वाचित माली समाज जिला छात्रावास अध्यक्ष श्याम लाल सोलंकी का माली समाज के प्रबुद्धजनों द्वारा स्वागत किया गया। सोलंकी पहले ही माली समाज संस्थान जोधपुर के कार्यकारिणी सदस्य हैं एवं समाज के अग्रणी भामाशाह में इनका नाम सर्वोपरि रहता है। स्वागत करने वालों में सांवतमल परमार, नरपत सचिव माली समाज संस्थान जोधपुर, अरविंद, सुरेंद्र कुमार प्रधानाचार्य, कमला राम सोलंकी कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष, हनुमान सोलंकी, धर्मेंद्र परिहार, चेनाराम परिहार पीएनबी, गोपाराम सोलंकी व्याख्याता एवं कई गणमान्य माली समाज के प्रबुद्धजन शामिल रहे। इस अवसर पर श्याम लाल सोलंकी ने समाज के समस्त प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त किया

# 70वर्षीय धर्मपाल सैनी ने राष्ट्रीय एथलेटिक प्रतियोगिता में सिल्वर पदक जीत रचा इतिहास

## बेटे की मौत के गम से उभरने के लिए प्रतियोगिता में लिया हिस्सा



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के बीएसएनएल से सेवानिवृत्त एसडीओ 70 वर्षीय धर्मपाल सैनी ने ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक चौम्पियनशिप में हरियाणा के लिए सिल्वर पदक जीतकर बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि को लेकर साई सेंटर कुरुक्षेत्र में जश्न मनाया गया। यहाँ पर एथलेटिक खिलाड़ी धर्मपाल सैनी को साई प्रभारी कुलदीप सिंह वडैच व अन्य प्रशिक्षकों ने सम्मानित भी किया।

कुरुक्षेत्र सेक्टर17 निवासी करीब 70 वर्षीय धर्मपाल सैनी के पुत्र पंकज की कुछ समय पहले किसी बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इस मौत के बाद धर्मपाल सैनी ने अपने आपको घर में ही बंद कर लिया और बेटे के गम में ही डूबे रहे। इस बीच पड़ोसी एवं साई के पूर्व प्रभारी गुरविंद्र सिंह ने धर्मपाल सैनी को एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस प्रेरणा से धर्मपाल सैनी ने मंथन किया और निर्णय लिया कि बेटे के गम से निकलने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनके लिए सहायक होंगी। इसलिए उन्होंने ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक्स चौम्पियनशिप में भाग लेने का मन बनाया। इस चौम्पियनशिप के अभ्यास के लिए कुछ ही दिन मिले।

उन्होंने कहा कि गुजरात के वड़ोदरा में 16 से 19 जून को ऑल इंडिया -एथलेटिक फैडरेशन की तरफ से पहली ऑल इंडिया मास्टर एथलेटिक चौम्पियनशिप के स्टेपिल 2 किलोमीटर इवेंट में भाग लिया। इस इवेंट में 65 से 70 आयुवर्ग के खिलाड़ी ही भाग ले सकते थे। इस इवेंट में देश भर से दर्जनों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से उनके परिवार में कुछ खुशियां लौटी है। वे जल्द हों मास्टर एथलेटिक के अध्यक्ष एवं खेल मंत्री के पिता गुरचरण सिंह से मिलेंगे और अपना पदक समर्पित करेंगे। साई -कुरुक्षेत्र में प्रभारी कुलदीप सिंह वडैचा, पूर्व प्रभारी गुरविंद्र सिंह, पूर्व डीएसओ यशबीर सिंह, -डीआईपीआरओ डॉ. नरेंद्र सिंह, राहुल सांगवान, सुधीर दहिया, प्रवीण कुमार, चांद राम, अरुण, नरेश सैनी आदि ने धर्मपाल सैनी को बधाई दी है।

*Personalty of the Month*

# युवा समासेवी डॉ. इंदु सैनी : कैंसर, आहार विशेषज्ञ, विमंदित लोगों की सेवा एवं जन जागरुकता में उभरता नाम



**बहुआयामी व्यक्तित्व की धनी :**

- फिमेल कैंसर स्पेशलिस्ट
- डाइटिशियन
- मानसिक रोग विशेषज्ञ
- राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिसर्च पैपर प्रकाशित
- दूरदर्शन/रेडियों में जन जागरुकता एक्सपर्ट

डॉ इंदु सैनी का जन्म झुंझुनू के एक छोटे से गांव गोठड़ा खेतडी नगर में हुआ हैं। बीएससी के उपरांत इन्होंने अपनी उच्च शिक्षा की मानद उपाधि फूड एंड न्यूट्रिशन में पूरी की। साथ ही 'फिमेल कैंसर पेशेंट' में स्पेशलाइजेशन किया है और आहार विशेषज्ञ के तोर पर कार्य किया। अपने लंबे अनुभव के बाद ये वर्तमान में भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर में सीनियर ऑन्को कंसलटेंट डाइटिशियन के रूप में कार्यरत है। डॉक्टर इंदु सैनी एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप मे भी लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रही है ये मुख्य रूप से वर्तमान में मानसिक विमंदित् लोगों के लिए कार्य कर रही हैं जिसमें शिजोफ्रेनिया, ऑटिज्म, सेरेब्रल पाल्सी से संबंधित मानसिक विमंदित् शामिल है जिनके लिए समय-समय पर इनके द्वारा फ्री कैंप का आयोजन किया जाता है। इनके द्वारा ग्रामीण महिलाओं, हॉस्पिटल व कॉलेज व जेल में भी केदियों के लिए समय समय पर आहार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। इनके पूर्व में 'आर्मी वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन' में हेल्दी डाइट प्रोग्राम का संचालन किया जाता था इनके राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय जनरल में रिसर्च पेपर प्रकाशित हुए हैं कोरोना काल में जनमानस को आहार संबंधित मुफ्त सेवाएं प्रदान की गई हैं। समय-समय पर इनके द्वारा कैंसर जागरूकता केंप्प भी लगाए जाते हैं डॉ इंदु सैनी आल इंडिया रेडियो व दूरदर्शन के कार्यक्रम में भी एक्सपर्ट के तोर पर अपनी सेवाएं देती हैं।

डॉ इंदु सैनी के माता-पिता दोनों सामाजिक कार्यो में संलग्न है दोनों को जिला प्रशासन द्वारा अनेकों बार सम्मानित किया जा चुका है। व इनकी माताजी को राज्य स्तरीय सम्मान से मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। इनके भाई राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल मे कार्यरत हैं।

इनकी छोटी बहन भाग्यश्री सैनी भी भी सामाजिक स्तर पर कार्यरत है जो वर्तमान में ड्रॉपआउट बेटियों के लिए कार्य कर रही हैं जिन्हे वर्तमान में वर्ल्ड वुमेंन लीडरशिप कांग्रेस द्वारा सम्मानित किया गया है

महिलाएं जो परिवार का समाज का आधार हैं लेकिन महिला सशक्तिकरण के इस दौर में भी इनमे स्वयं के स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता का अभाव है। वर्तमान समय में जिस प्रकार बीमारियाँ बढ़ रही हैं उसके लिए जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि मेरी कोशिश रहेगी की में समय पर जरूरतमंद को मदद पहुँचा सकू व स्वास्थ्य क्षेत्र में बेहतर कर सकू।












## कलियुग में साक्षात परचाधारी एवं जागृत लोकदेवता ...

प्रस्तुति : जितेन्द्र एम टांक, डीसा

# बाबा रामदेव पीर की अवतरण लीला और उपदेश कथा ...

परमवतार बाबा रामदेव पीर संवत 1461 भाद्रपद की शुक्ल दूज शनिवार को द्वारकाधीश के परम भक्त, पोकरण और उण्डू-काश्मीर के राजा अजमलजी के प्रांगण में स्वयं प्रकट हुए।

राजस्थान के बाड़मेर जिले के शिव तहसील में एक पावनभूमि अवतारधाम रामदेरिया उण्डू-काश्मीर विद्यमान है... जहाँ मार्गशीर्ष शुक्ल दशमी 06 दिसम्बर, 2019 के शुभ दिन जोधपुर के छितर पत्थरो से बीस करोड़ की लागत से बनाया हुआ विशाल अवतारधाम मंदिर में बाबा रामदेवजी की मूर्ति स्थापन एवम प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

सांसारिक-अलौकिक कर्म ...अवतरण कार्य पूर्ण करने के बाद, संवत 1515 में भाद्रपद शुक्ल अगियारस के शुभ दिन पर, उन्होंने राजस्थान के जैसलमेर जिले के पोकरण तहसील में रुणिचा-रणुजा के पास रामदेवरा में जीवित समाधि ली, जहाँ भादवा महीने में एक शानदार मेला लगता है । नाथ मारो नेजाधारी ... पीर मारो परचाधारी ... धणी मारो धजा धारी आध्यात्मिक उदबोधन के साथ षरामदेवपीर के दिव्यतम धाम तरफ श्रद्धालुओं का सैलाब चलता है ... हाथ में धजा-नेजा, हृदय में स्मरण और मुंह पर जय बाबेरी ... रणुजा का भादो महीना का मेला 'मारवाड़ का महाकुंभ' साबित होता है। जो श्रद्धालु उस मेले के माहौल की अनुभूति करता है और पैदल यात्रा करते हुए रामदेवरा पहुचता है उसे रामदेवजी का चमत्कार अवश्य मिलता है।

**बाबा रामदेव पीर ने अपने पिता अजमलजी को पहला परचा क्यों दिया ?**

ऐसा कहा जाता है कि विष्णु अवतारी द्वारकाधीश 'समुद्र मिलन' पर अजमलजी के पुत्र के रूप में अवतार लेने का वादा करते हैं । जब माता मैणादे पहले बेटे वीरम देव के बगल में एक ही पालने में दूसरे बेटे को देखती है, तो वह एक पल के लिए आँख बंद करके भयभीत हो जाती है ... वह हैरान रह जाती है लेकिन जब उसका पति अजमलजी उसे द्वारकाधीश के वचन की याद दिलाता है, तो उसका दिल बहुत खुश हो जाता है। माँ की गोद में लेटा बालक रामदेव साबित करता है कि चूल्हे पर रखे दूध के गर्म बर्तन उसने ही नीचे रखा है और वो एक दिव्य अवतारी पुरुष है। (ठीक उसी तरह जैसे कि बाल कृष्ण ने मां जशोदा को मिट्टी खाने के बहाने पूरी सृष्टि का एक गौरवशाली और दिव्य दर्शन दिया था) जब बालक रामदेव छोटे होते हैं, तो वह घोड़े पर बैठने का आग्रह करते हैं। तब रूपा दर्जी के द्वारा माता मैणादे महंगे और मखमली कपड़े से घोड़ा बनाने को कहती है तब दर्जी घर के लिए महंगा कपड़ा रख देता है और अति पुराने कपड़ो से भरकर घोडा बनाता है। जैसे ही बालक रामदेव कपड़े के घोड़े पर सवार होता है,घोड़ा आकाश में चला जाता है। सभी समधी रिश्तेदार चिंतित हो जाते हैं। यह मानते हुए कि उसका किसीने हरण कर लिया हो। दर्जी को कैद किया जाता है डर से भयभीत दर्जी मुक्ति पाने के लिए अर्ज करता है और दयालु स्वर में क्षमा याचना करता है। उसी वक्त अश्वारूढ़ बालक रामदेव सफलतापूर्वक अजमल भूमि पर वापस आ जाते हैं। दर्जी जीवन में कभी भी किसी के साथ कपट और चोरी नहीं करने की प्रतिज्ञा लेता है और बालक रामदेव के सूचन से दर्जी को कैद से मुक्त किया जाता है। उस समय से दर्जी जाति के लोग बाबा की सविशेष पूजा अर्चना करते है। ऐसा कहा जाता है कि बालक रामदेव गेंद खेलते हुए और गुरु का ऋण पूर्ण करने के लिए शिव भक्त बालिनाथ की धूणी तक पहुँच जाते हैं ... और भैरव राक्षस को मारकर पोकरण की जनता को सम्पूर्ण भयमुक्त कर देते है। बालक रामदेव ने घोड़ा क्यों लिया और आकाश में क्यों उड़ गये ?



तो इसका सरल उत्तर यह हो सकता है कि भेरू राक्षस मारण की सर्जिकल स्ट्राइक को कैसे और कहां से शुरू किया जाए ? बालक रामदेव सांसारिक रीति-रिवाजों के अनुसार भैरवभूमि का निरीक्षण करने गए थे और वह बहाना भी दर्जी को एक उपयोगी सबक देने के लिए आवश्यक था। लाखा बंजारा मिसरी की गुण लेकर रुणिचा से निकलते हैं और जब बालक रामदेव से उनकी भेंट होती है तब लाखा सोचता है अगर वह एक राजकुमार होगा, तो वह कर यानी टेक्ष मांगेगा और अगर कोई साधारण बच्चा है, तो वह मुफ्त में खाने के लिए मिसरी-शर्करा मांगेगा। लाखा जूठ बोलता है और मिसरी को नमक बताता है रामदेव कृपा से पूरी मिसरी का नमक यानी लूण हो जाता है। लाखा बंजारा पश्चाताप करता है ... अफसोस व्यक्त करता है और आवश्यक और नियमित राज्य कर यानी टेक्ष देने का संकल्प लेता है ... इस तरह बाबा रामदेवजी एक सख्त कर वसूली अधिकारी थे। तंवर वंशी राजेन्द्र बाबा रामदेवजी अस्पृश्यता के कट्टर विरोधी थे। मानव सेवा ही उनका परम कर्तव्य था। इसीलिए दलित बेटी डालीबाई को धर्म की बहन बनाई गई और देश और दुनिया में समानता-मानवता का एक महान संदेश दिया गया। इसका मतलब है कि जो दुनिया में सबसे अच्छा है वह कभी भी खुद की प्रशंसा नहीं करता है और जो खुद की प्रशंसा करता है वह सबसे अच्छा नहीं हो सकता है । वीरमदेव के साथ पासा खेलने के दौरान, बोहितमल जैन के जहाज को बचाकर उत्कृष्ट मित्रता बनाए रखी थी। बाबा रामदेवजी की पीराई प्रसिद्धि की प्रशंसा सुनने के बाद, सात समुद्रों से पार मक्का के पांच पीर एक कठोर कसौटी करने के लिए आते हैं और जंगल में रणुजा के राजकुमार बाबा रामदेव से मिलते हैं। यह स्वाभाविक है कि सिद्ध पुरुष कभी भी सामान्य गलती नहीं करते हैं, लेकिन पीर परीक्षण के लिए, पांच पीर बहाने बनाते हैं और एक पल में पांच विशाल पीपल के वृक्ष प्रकट करते हैं। रामा राजकुमार बाबा रामदेव की लीला से पीरजी के बर्तन मक्का से पलभर में रुणिचा में सन्मुख आ जाते है इसलिए मक्का के पीरजी बाबा रामदेवजी को 'पीरो के पीर' हिंदवा पीर-रामसा पीर का सर्वोच्च शीर्षक देते है। तब से, बाबा रामदेव पीर को हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रणेता माना जाता है और यह एक सनातन शाश्वत सत्य है कि रामदेव पीर का कोई भी मंदिर मुगल काल के दौरान मुस्लिम आक्रमणकारियों द्वारा क्षतिग्रस्त नहीं किया गया था। जब रत्नाजी राइका देवासी सुगणा को लेने पुंगलगढ़ जाते है के तब पडियार सरदार द्वारा असहनीय यातना दी जाती है। उसे एक गहरे कुएं में उल्टा लटका दिया जाता है। हिंदू धर्म में शादी के समय बाहर नहीं निकलने का एक अटूट रिवाज है। फिर भी दुल्हा रामदेव दूसरा रूप ग्रहण करते है और पिंगल ग्राम पहुँचकर समधी को औपचारिक रूप से समझाते है और अपनी बहन सुगणा को घर भेजने के लिए कहते है। रुणिचा आते वक्त सुगणा को मुगल बादशाह के लोग लूटते है। अपनी बहन की चीख पुकार सुनकर, 'रणवीर' रामदेव पल में प्रकट हो जाते हैं और फिरोज शाह तघलख के साथ युद्ध करते है वो माफी माँगता है और दिल्ली में एक मंदिर बनाता है ... उसमें चाँदी का छत्र अर्पण करता है। विवाह समारोह के दौरान, रामदेवजी की सास मृतक बिल्ली को पीराई सत्यापित करने के लिए रूमाल के नीचे रख देती है। मृत बिल्ली रामदेव कृपा से सजीवन हो जाती है।

सरदार दलपतसिंह पंवार राणा के सोढ़ा भवन में विस्मय छा जाता है। और भवन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठता है। भले ही भगवान कृष्ण द्वापरयुग में सुभद्रा पुत्र अभिमन्यु को नहीं बचा सके लेकिन रामदेवजी कलियुग में सुगणा का मृत पुत्र को पुनर्जीवित करते है। किसी भी परिस्थिति में लोगों की पीड़ा को कम करना राजा का परम धर्म बन जाता है। समाधि के बाद तीसरे दिन, ईसा मसीह की तरह रामदेवजी फिर से प्रकट हो जाते है और अपने मौसेरे भाई हडबुजी सांखला से सन्मुख मिलते है। बाबा खुद बकरी का दूध पीते है और हरजी भाटी को चमकदार चमत्कार दिखाने के लिए कटोरे में दूध का शेष झाग रखते है जिसका आचमन करने से हरजी को त्रिलोच ज्ञान हो जाता है। हरजी भाटी समर्थ धणी और बाबा रामदेवपीर की अवतरण लीला और उपदेश कार्य के पहले स्टार प्रचारक बन जाते है। और हाथ में वीणा पकड़े हुए वह पूरे देश में बाबा का प्रचार करते है। जोधाणा यानि जोधपुर के सम्राट विजयसिंह कुछ उत्तेजक बातों में आ जाते हैं और रामदेवजी की सिद्धि का परीक्षण करने चले जाते हैं लेकिन शिकारी खुद शिकार बन जाता है और रामदेवजी के तेज से पराभव होकर माफी मांगता है और हरजी भाटी को जीवन निर्वाह के लिए अपने नियंत्रण वाली भूमि प्रदान करता है मसूरीया पहाड़ी पर एक मंदिर बनाता है। जब चोरों ने देसूरी के दलाजी अग्रवाल के सिर को धड़ से अलग कर दिया था, तब बनियानी की पुकार सुनकर हाजराहजूर बाबा रामदेव पलमें प्रकट हो जाते हैं और सिर धड़ से स्वयं जुड़ जाता है ...दलू सेठ फिर से जीवित होते हैं ...पर चोर अंध हो जाता है और दलु शेठ का लूटा हुआ माल वापस करता है। द्वतभी से अग्रवाल जैन बाबा रामदेवपीर में सविशेष विश्वास रखते है ! बाबा रामदेवपीर की असीम कृपा से एक अंधे व्यक्ति को दृष्टि मिलती है ... बांझन दूर हो जाता है ... उत्तम पुत्ररत्न का जन्म होता है ... बुरे लोग नेकदिल और सज्जन बन जाते है – दुश्मन दोस्त बन जाता है ... असाध्य रोग थोड़े समय में गायब हो जाता है ... असंभव कार्य संभव और सरल हो जाता है ... जय हो ... रामसापीर ... नियत कर्म के अनुसार सभी श्रद्धालु भक्तों का अवश्य कल्याण करे ।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत



## 3.25 करोड़ की लागत से बननें वाले समाज अतिथि भवन का भूमि पूजन

डीडवाना। सैनी माली विकास संस्थान के डीडवाना के तत्वावधान में 2021 में माली समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन के ऐतिहासिक रूप से सम्पन्न होने के उपलक्ष्य में रविवार को मालियान सूर्य मंदिर सिंघी बास के प्रांगण में गजानंद महाराज की प्रसादी एवं आय-व्यय विवरण को लेकर बैठक समाज के वरिष्ठ मांगीलाल भाटी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस अवसर पर आयोजन समिति संयोजक डॉ. गणेश सैनी ने द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष रामगोपाल तूनवाल ने आय व्यय का विवरण ऑडिट रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष रामगोपाल तूनवाल ने मालियान सूर्य मंदिर परिसर में मालियान पंचायत सब्जी मंडी ट्रस्ट के सहयोग से 3 करोड़ 25 लाख की लागत से बनने वाले माली समाज के ड्रीम प्रोजेक्ट माली समाज अतिथि भवन के भूमि पूजन की घोषणा की, जिसका 11 अप्रैल को भूमि पूजन होगा। कार्यक्रम का संयोजन महामंत्री कैलाश सोलंकी ने किया। इस दौरान मांगीलाल पंवार, मांगीलाल भाटी, हनुमान कच्छावा, आशाराम पंवार, रंजना मारोठिया, नानूराम तूनवाल श्रवण तूनवाल, विक्रम टाक, बंशीलाल भाटी, डीडवाना शाखा के अध्यक्ष रामकिशोर सैनी मौजूद रहे।



## सविता सैनी ने बेस्ट प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट का खिताब जीता



जहाँगीराबाद (बुलन्द शहर) नगर की रहने वाली मेकअप आर्टिस्ट सविता मौर्य ने बेस्ट प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट का खिताब जीता है। सविता ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की मेकअप प्रतिस्पर्धा गोल्डन विंग्स अवार्ड में टॉप 10 में स्थान बनाते हुए बेस्ट प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट का खिताब जीता। मौर्य ने बताया कि इस प्रतिस्पर्धा में देश भर की 100 मेकअप आर्टिस्ट सम्मिलित हुए। उन्होंने सेलिब्रिर्ट मिसेस भोपाल नेहा पंडित एव गुजराती ऐक्ट्रेस धानी पटेल का सर्वश्रेष्ठ बैकस्टेज मेकअप कर यह अवार्ड जीता। सविता को मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री सयी मंजरेकर ने अवार्ड प्रदान किया। मेकअप आर्टिस्ट सविता मौर्य ने कई बेस्ट प्रोफेशनल सेलिब्रिटी मेकअप के अवार्ड जीते है।

मौर्य ने बताया कि वह पिछले 8 वर्षो से एक प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट के तौर पर काम कर रही हैं। वह जहांगीराबाद में अपना पार्लर भी चलाती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें आत्मनिर्भर बनकर कुछ करने के लिए उनके पति ने प्रेरित किया है। उनके सपोर्ट से ही वह आज अपने इस फिल्ड में नई उचाईयों को छू रही हैं। दिल्ली में गोल्डन विंग अवार्ड समारोह के दौरान उन्हें मशहूर एक्ट्रेस सई मंजरेकर के हाथों बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड मिला है।




## समर कैंप समापन समारोह

माँ शारदा विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल 80 फिट रोड मान नगर माता का थान में एक माह से आयोजित समर कैंप 2022 का भव्य समापन समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समर कैंप मे महिला, पुरुष, बच्चे व सभी आयु वर्ग के लोगों ने नृत्य, संगीत, मेहंदी, केक मेकिंग, इंग्लिश स्पोकन का आयोजन एवं इंडोर गेम्स आदि गतिविधियों में भाग लिया।

समापन अवसर पर पशुधन विकास बोर्ड अध्यक्ष राजेंद्र सिंह सोलंकी, नगर निगम उत्तर जोधपुर के महापौर श्रीमती कुंती परिहार एवं संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा जोधपुर प्रेमचंद सांखला द्वारा प्रतिभागियों को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्र वितरण कर उत्साहित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों का मंच पर प्रदर्शन कर मन मोह लिया। समर कैंप आयोजनकर्त्ता श्रीमती अनीता गहलोत ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### सैनी धर्मशाला में समाज में शिक्षा व सामाजिक जागरूकता पैदा करने का लिया संकल्प

# नवचयनित आईएएस समेत 4 अफसरों को किया सैनी रत्न अवॉर्ड से सम्मानित

जींद। सैनी धर्मशाला अर्बन स्टेट में गुरुवार को सैनी रत्न सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संयोजक दिनेश सैनी ने की। इस दौरान यूपीएससी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डॉ गौरव सैनी, फ्लाइंग आफिसर सुशांत सैनी के साथ-साथ जज दंपती मुकेश सैनी व वंदना को सैनी रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर नवचयनित आईएएस डॉ. गौरव सैनी बताया कि किस प्रकार कड़ी मेहनत करके मुकाम को हासिल किया जा सकता है। मुकेश सैनी ने कहा कि हमें इस प्रकार के कार्यक्रमों को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा के रूप में विभिन्न स्कूलों में आयोजित करना चाहिए। भारतीय वायु सेना के फ्लाइंग ऑफिसर सुशांत सैनी ने बताया कि सफलता के लिए दिल्ली में आयोजित किए गए कॉमनवेल्थ खेलों से प्रेरणा मिली। जिसकी बदौलत से मुझे यह मुकाम हासिल हुआ। अंत में लोगों ने समाज में शिक्षा व सामाजिक जागरूकता पैदा करने का संकल्प लिया।





इस मौके पर नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अभयसिंह आर्य, सैनी सभा जिला जींद के प्रधान करतार सैनी, सैनी सभा के पूर्व प्रधान राममेहर सैनी, पूर्व प्रधान जत्था सैनी, भाजपा प्रदेश महासचिव जवाहर सैनी, जिला पार्षद विनोद सैनी, राजकुमार सैनी, डॉ. राजसैनी, जितेंद्र सैनी, भीम सैनी, आईएएस की परीक्षा पास करने वाले हिमांशु को किया सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काला सैनी, सुरेश किनाना, कर्ण सिंह आर्य, सोमी सैनी, जयराम सैनी, जयनारायण सैनी, फतेहसिंह सैनी, राजेंद्र सैनी, जोगेंद्र सैनी, एडवोकेट आजाद सैनी, खेमचंद सैनी, सुभाष सैनी, रघुबीर सैनी, हरभज सैनी, ईश्वर सैनी, डॉ. सौपी सैनी व तेलूराम सैनी मौजूद रहे।

# समाजोत्थान के लिए राजनैतिक, सामाजिक आर्थिक तौर पर मजबूत होना अति आवश्यक

गोटन। माली समाज भवन में रविवार को जैतारण विधायक अविनाश गहलोत, राजस्थान माली सैनी महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला सहित जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में एवं माली समाज अध्यक्ष रामकिशोर चौहान की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने समाज को राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक रूप से मजबूत करने की बात कही गई।



सम्मान समारोह में डेगाना तहसील अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, काल्यासनी सरपंच बाबूलाल माली, मोकलपुर सरपंच धर्माराम सांखला, अमरपुरा सरपंच धारूराम गहलोत, जैतारण पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान अमराराम भाटी, मेड़ता ब्लॉक कांग्रेस के पूर्वअध्यक्ष रामचंद्र जादम, मेड़ता नगर पालिका के पार्षद राजेन्द्र सांखला राजसा, महेंद्र सिंह चौहान, कालूराम सांखला, मेड़ता माली समाज के अध्यक्ष बादरराम सांखला, महामंत्री जब्बरसिंह भाटी, मेड़ता रोड के समाजसेवी संग्रामसिंह, मेड़ता समाजसेवी चेतनप्रकाश भाटी, हरसौर माली समाज के अध्यक्ष हनुमानसिंह कच्छवाह, सुखदेव भाटी, भोपालगढ पंचायत समिति के पूर्व उपप्रधान बाबूराम माली, पीपाड़ नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर टाक, मेड़ता सेशनकोर्ट के पीपी नवरतनमल गहलोत, रतनलाल सांखला, हीरालाल सांखला, धर्माराम गहलोत खेड्ली, मोहनलाल भाटी सहित समाज के कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों का स्वागत माला-साफा के माध्यम से किया गया।

इस जैतारण विधायक अविनाश गहलोत ने कहा कि माली समाज के उत्थान के लिए राजनैतिक, सामाजिक, आर्थिक तौर पर मजबूत होना जरुरी है। उन्होंने कहा कि राजनीति में सभी वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में संख्या बल मायने रखता है लेकिन जब तक हम संगठित नहीं होंगे तब तक राजनैतिक पार्टियां हमारा कोई महत्व नहीं समझेंगी। उन्होंने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए मजबूत कंधों की आवश्यकता है। ये पूर्ति समाज के युवा ही कर सकते हैं। इस मौके पर राजस्थान माली सैनी महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला ने कहा कि समाज को मजबूत बनाने के लिए संगठन की आवश्यकता है। प्रत्येक गांव में समाज की कमेटियों का गठन होना चाहिए। इस दौरान ताराचंद टाक, ताराचंद गहलोत, रामकिशोर चौहान सहित अनेक वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए।

# सर्वसमाज की 131 बेटियों को मिले 15 लाख के चेक

## सैनी समाज की पहल : शिविर में 371 यूनिट रक्त संग्रह







गंगापुर सिटी। सामाजिक सरोकारों के तहत सर्व समाज की ओर से लोगों के जीवन बचाने के लिए यहाँ जयपुर बाइपास पर आयोजित पार्थ रिसोर्ट में हुए विशाल रक्तदान शिविर में सर्व समाज के 371 महिला, पुरुष व युवाओं ने रक्तदान किया। इस मौके देर शाम हुए कार्यक्रम में आर्थिक रुप से कमजोर सर्व समाज की 131 बेटियों को अध्ययन के लिए नामदेव फिनवेस्ट प्रालि की ओर से 15 लाख रुपए के चेक वितरित किए गए। चेक राशि बेटियों के शिक्षा पर खर्च की जाएगी। यहां पल रिसोर्ट में हुए बेटियों को शिक्षा से जोड़ने के समारोह में पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रभूलाल सैनी, नामदेव फिनवेस्ट प्रा लि के एमडी जितेन्द्र तंवर, नगर परिषद के सभापति शिवरतन वाल, गहलोत ट्रैक्टर्स के निदेशक व सैनी (माली) समाज के जिलाध्यक्ष सी एल सैनी, नामदेव फिनेवस्ट की निदेशक लतिका तंवर, संरक्षक संतोष देवी, सैनी समाज के वरिष्ठ नागरिक पूर्व सरपंच भंवरलाल सैनी, कांता सैनी, सैनी विकास संस्थान अध्यक्ष भागचंद सैनी, डॉ. रवि सेना गहलोत ट्रेक्टर प्रा लि जीएम महेश सैनी सहित शहर के गणमान्य नागरिकों के मध्य चेक की राशि छात्राओं को उनके अभिभावकों के साथ प्रदान की गई। रक्तदान सैनी समाज के जिलाध्यक्ष सीएल सैनी के जन्म दिवस के मौके पर सर्वसमाजकी ओर से आयोजित किया गया।

अतिथियों ने अथक सहयोग के लिए सामान्य चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. बृजेन्द्र गुप्ता, रिया ब्लड प्रभारी परमानंद सोनी, मोहित शर्मा व उनकी टीमों को सम्मानित किया। उन्नति ग्रुप की मथुरा सेनी,

अन्ना सैनी, संध्या सैनी, प्रियका, रचना सैनी, तमन्ना यादव, वैशाली शर्मा ने रक्तदाताओं पर पुष्प वर्षा की इस मौके पर युवा संगठन के राजेन्द्र सैनी, पप्पू मुंशी, मदन मोहन, कालू पार्षद घनश्याम डायरेक्टर रामनिवास अध्यापक कैलाश सरपंच सुरज्ञान सरपंच मुरारी सरपंच रत्तीराम मानसिंह मनमोहन घनश्याम सैनी, योगेन्द्र जैन, कार्यक्रम समन्वयक सुनील कुमार अग्रवाल आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# सांखला के नगरपालिका अध्यक्ष नियुक्ति होने पर जुलूस निकालकर मनाई खुशी



बालेसर। नवगठित नगर पालिका बालेसर में पूर्व ग्राम पंचायत बालेसर सत्ता के सरपंच रेवतराम सांखला को नगर पालिका अध्यक्ष मनोनित किए जाने वा ग्रामीणों ने जुलुस निकाला एवं पटाखें फोड़कर खुशी का इजहार किया। गौरतलब है कि सरकार के आदेशानुसार नगर पालिका बालेसर के संरपंच रेवतराम सांखला को प्रथम अध्यक्ष एवं उपसरपंच भंवर लाल को उपाध्यक्ष व निर्वाचित वार्ड पंचों को नगर पालिका सदस्य में मनोनित किए जाने पर ग्रामीणों एवं परिवार जनों ने एक दूसरे का मीठा मुंह करवाया एवं पटाखें फोड़ते हुए जुलुस निकालकर खुशी मनाई।

कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को मालाएं पहनाकर खुली जीप में सवार कर जुलुस के रूप में पंचायत समिति से बस स्टैंड पुराना बस स्टेंड गांव तलिया जैन मंदिर, अस्पताल रोड़ होते हुए छपरा जूनावास नेशनल हाईवे पर ग्रामीणों ने पटाखे फोड़ते हुए जुलूस निकाला एवं खुशी मनाई। जुलूस बालेसर से रवाना होकर नवनियुक्त अध्यक्ष रेवतराम सांखला के कई जोधा स्थित निवास स्थान पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो गया। जहां परिवारजनों मित्रों शुभचिंतकों द्वारा नवनियुक्त अध्यक्ष सांखला का माल्यार्पण कर मुंह मीठा नगर पालिका अध्यक्ष मनोनीत किए के रूप में मनोनीत किए जाने पर स्वागत किया। इस अवसर अध्यक्ष सांखला ने तन मन से बिना किसी भेदभाव के आमजन की सेवा किए जाने का वादा किया।

## कोरोना में ऑक्सीजन की कमी से पिता को खोया तो बेटे ने शुरु किया पौधे लगाने का मिशन

# 1 लाख पर्यावरण प्रेमियों को जोड़ने के लिए शुरु किया रजिस्ट्रेशन

जोधपुर। मंगरा पूंजला बावड़ी बेरा निवासी नरेंद्र गहलोत के पिता बालकिशन गहलोत की कोराना काल में ऑक्सीजन की कमी के कारण निधन हो गया था। नरेंद्र ने किताबों में पढ़ने के साथ अपने बुजुर्गों से भी सुना था, कि जहां पेड़-पौधे होते हैं वहां के लोग स्वस्थ रहते हैं। इस सोच को साकार करने नरेंद्र ने अपने सामर्थय अनुसार शहर के ज्यादातर इलाकों को हराभरा करने की ठानी। इसकी शुरुआत की इसी वर्ष जनवरी में ग्रीन माइंडेड नाम की संस्था बना पूरे शहर में पौधे लगाने का लक्ष्य रख अभियान का आगाज किया।

इसकी शुरूआत ग्रीन माइण्डेड फाउण्डेशन ने 17 जुलाई को पावटा चौराहा से 5,000 पौधे वितरण कर शुरूआत की साथ ही इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह सोलंकी साहब (अध्यक्ष पशुधन विकास बोर्ड), कुन्ती परिहार (महापौर नगर निगम उत्तर) एवं महिला बाल आयोग की अध्यक्षा संगीता बेनिवाल थी तथा इन्होंने बताया कि ग्रीन माइण्डेड फाउण्डेशन अध्यक्ष नरेन्द्र गहलोत के पिता की कोविड में ऑक्सिजन की कमी के कारण मृत्यु होने पर गहलोत ने तीन लाख पौधो का नि:शुल्क वितरण करने का संकल्प लिया साथ ही एक अच्छी पहल की शुरूआत की। इनके द्वारा लगाये गये आज के जो पौधै कल का भविष्य बनेगें तथा नरेन्द्र गहलोत ने ग्रीन माइण्डेड फाउण्डेशन के तहत 1,00,000 पर्यावरण प्रेमियों को बनाने का भी संकल्प लिया, जो की बहुत ही सराहनीय कदम है हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है।

ग्रीन माइण्डेड फाउण्डेशन के अध्यक्ष ने बताया कि हाल ही में मण्डोर पुलिस थाने से बावड़ी तक अनेक सरकारी विभागों जैसे स्कूल, थाने, अस्पताल इत्यादि में नि:शुल्क 900 पौधो का रोपण कर उनकी रक्षा करने का संकल्प लिया तथा स्कूल के बच्चों को भी इनकी तरफ से पर्यावरण के तहत जागरूकता का संदेश दिया। गहलोत ने बताया, जयपुर में मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें पौधरोपण अभियान की जानकारी दी तो सीएम ने योजना की प्रशंसा करते हुए जोधपुर कलक्टर को मैसेज भेज अभियान में सहयोग करने के निर्देश दिए।

## बावड़ी में 2 हजार पौधों का नि:शुल्क वितरण आम जन में अपार उत्साह

बावड़ी। ग्रीन माइंडेड फाउण्डेशन ने इसी क्रम में जोधपुर नागौर रोड़ बावड़ी ग्राम में 24 जुलाई को नि:शुल्क 2000 पौधे वितरण किए। अध्यक्ष नरेन्द गहलोत ने बताया कि मारवाड़ क्षेत्र में गहरे व फल छायादार सहित विभिन्न औषधि वह जन कल्याणकारी पौधों के विभिन्न किस्म के दो हजार पौधों का विस्तार पूर्वक जानकारी के साथ आमजन व किसानों को वितरण किया गया। वहीं मानव कल्याण कारी पौधों की रक्षा व सुरक्षित संरक्षण का संकल्प भी उपस्थित जनों को कराया गया। इस मौके पर प्रीतम सिंह, विक्रम सिंह, नरपतराम, घनश्याम अग्रवाल, समाजसेवी अर्जुन सिंह गहलोत पलासनी, जुगल किशोर गहलोत, मोहन सिंह, लक्ष्मण चौहान, राजेन्द्र भाटी, हीरालाल, दलपतसिंह, सरला टांक, इंदर सिंह गहलोत, वंश गहलोत, सीबीईओ महेश कौशिक, सत्यनारायण पुष्करणा, राधाकृष्ण टाक, श्रीपाल भण्डारी, बाबूलाल सांखला, अर्जुन लाल सांखला, रघुवीर सिंह भाटी, भंवर सिंह भाटी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा समाजसेवी पंकज सांखला ने किया और बावड़ी उपखण्ड के लगभग सभी गांव के लोगों ने नि:शुल्क पौधों का लाभ लिया।










## समाज सेवियों के सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई

# मदन लाल सैनी की 79 वी जयंती

कोटा/जयपुर। दिनांक 13 जुलाई को प्रेस क्लब कोटा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद स्वर्गीय मदन लाल सैनी की 79वीं जयंती समाज सेवियो के सम्मान के साथ धूमधाम से मनाई दामाद व समाज सेवी डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने बताया कि सेवा सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमेन उपभोक्ता होलसेल भंडार हरिकृष्ण बिरला, अध्यक्षता न्यू मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ आर पी मीणा, विशिष्ट अतिथि कैप्टन बी ऐल सैनी रहे। इस अवसर पर समाज सेवी आई के दत्ता कुश्ती संघ, बजरंग लाल शिक्षा विद्, पूर्व प्राचार्य कॉमर्स कॉलेज, डॉ बी एल गोचर प्रख्यात सर्जन, चंद्र सिंह पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजस्थान टॉपर, विनय सिंघल महासचिव डॉ भीमराव अंबेडकर संघ,यज्ञ दत्त हाड़ा प्रधान संचालक, अखिल भारतीय कौशिक गायत्री परिवार, अवदेश मिश्रा भारतीय मजदूर संघ, बाल किशन गुलाटी रक्तवीर, रावतभाटा, बालकिशन बरथुनिया वरिष्ठ आखाड़ा संचालक, पुष्पलता सुमन, नंद सिंह पंवार, चित्रकार व लेखक कवि, गायत्री सुमन, दिलीप सिंगोर संघर्षरत युवा को सेवा सम्मान समारोह में माल्यर्पण साफा ,शाल ओढाकर प्रतीक चिन्ह भेंट सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान हरिकृष्ण बिरला ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष रहे मदन लाल सैनी के जीवन पर प्रकाश डालते हुई कहा कि सैनी लगातार समाज सेवा एवं मजदूरों व श्रमिको के लिए लड़ते रहे उनके साथी दोस्त जो थे वह मेरे बहुत करीबी थे और मैं उनसे हर 15 दिन में मिलता रहता था । मजदूर श्रीमिको के उत्थान और प्रोत्साहन के लिये कई महत्वपूर्ण योजनाएं बनाने में योगदान रहा श्रद्धा सुमन के रूप में प्रत्येक व्यक्ति को अपने लाभांश में से 20 रुपये मासिक गुप्तदान के रूप में महादान आश्रित की मदद सच्ची पुष्पांजलि है। मदन लाल सैनी की प्रेरणा लेकर उनके दामाद डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी लगातार कोटा में सामाजिक कार्य में लगे रहते हैं उन्होंने डॉ दुर्गा शंकर सैनी एवं उनके परिवारजनों ने इतना अच्छा प्रोग्राम उनकी याद में किया।

इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे मेडिकल कॉलेज हश्वस्पिटल के अधीक्षक डॉ. आरपी मीणा ने कहा कि मदन लाल सैनी एक कर्तव्यनिष्ठ एवं इमानदार की मिसाइल थे। उन्हीं के पद चिन्हों पर उनके दामाद डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी चल रहे हैं जो लगातार चिकित्सकीय कार्य के साथ-साथ सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद कैप्टन ने कहा मदन लाल सैनी एक महापुरुष थे जिन्होंने परिवार वादी नहीं थे वह किसी के साथ ना भेदभाव ना जात पात ना ऊंच-नीच देखते थे अगर वह चाहते तो प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए अपने दामाद डॉक्टर दुर्गा शंकर सैनी जी को एमएलए का टिकट दिलवा सकते थे लेकिन वह सब उन्होंने नहीं किया क्योंकि वह एक उच्च विचारधारा वाले व्यक्ति थे।

दामाद समाज सेवी डॉ. दुर्गा शंकर सैनी ने आभार व धन्यवाद ज्ञापित कर कहा कि परिवार आप सभी की सेवा में सदैव तैयार रहेगा और दिवंगत पिता तुल्य श्री मदन लाल सैनी के सिद्धांत व विचारों को जीवन मे आत्म सात किया। मंच संचालन पुरुषोत्तम अजमेरा प्रदेश महामंत्री ओ बी सी मोर्चा ने किया। कार्यक्रम में नाथूलाल पहलवान, प्रदीप सुमन, नरेंद्र मेघवाल, वैभव सैनी, संतोष सैनी, मेवा लाल ब्लाँडिया, ज्ञानेंद्र आमेरा, समीर सुमन आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। परिवार जन दामाद डॉ दुर्गा शंकर सैनी,कुलदीप सैनी, मनीष बेगरी, पुत्रियां शंकुतला,डॉ प्रियंका सैनी, एकता सैनी और डॉ अमित गोयल, अवदेश अजमेरा, अमित उर्डिया, प्रदीप सुमन, पार्षद सुनील शर्मा, एड्वोकेट राजेश , नाथूलाल पहलवान, नरेंद्र मेघवाल, वैभव सैनी, संतोष सैनी, मेवा लाल ब्लाँडिया, ज्ञानेंद्र आमेरा आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। ओम प्रकाश, जगदीश मोहिल, महेंद्र सुमन, भानु प्रताप, भवानी शंकर सैनी,सत्तू भैया, प्रभुलाल, चमन केलवा, महावीर सहित सेकड़ो समाजसेवी प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। इससे पूर्व प्रात: काल स्व मदन लाल सैनी की 79वीं जयंती पर गौशाला किशोरपुरा में गो सेवा की गई गुड़ व चारा खिलाया गया एवं सौभाग्य सेवा संस्था के सतू द्वारा जे के लोन में मरीजो के तीमारदारों को भोजन करवाया गया।










# यूवा कोरियोग्राफर पुनीत परमार का फ्रांस में कल्चर डांस प्रतियोगिता में हुआ चयन






जोधपुर। समाज के के युवा कोरियोग्राफर पुनीत परमार का फ्रांस में होने वाले कल्चर डांस प्रतियोगिता में हुआ चयन। फ्रांस में आयोजित होने वाले 20 दिवसीय 39 वें फेस्टिवल ऑफ वर्ल्ड कल्चर ऑफ वश्वयरोन में जोधपुर के कोरियोग्राफर पुनीत परमार भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे । माली सैनी संदेश पत्रिका को जानकारी देते हुए पुनीत ने बताया कि इस कार्यक्रम में भारत से कुल 30 कलाकार सम्मिलित होंगे जिसमें पूरे राजस्थान से पुनीत परमार का चयन हुआ है। फ्रांस में आयोजित इस म्यूजिकल और डांस फेस्टिवल में अलग-अलग डांस की प्रस्तुति होगी। इस फेस्टिवल में तकरीबन 40 - 45 अलग अलग देश हिस्सा लेते है और कलाकार अपनी प्रस्तुति देते हैं । यह फेस्टिवल दिनांक 30 जून से 20 जुलाई तक फ्रांस के कई शहरों मे आयोजित होगा । पुनित परमार रेमो डिसूजा, गणेश आचार्य और बॉस्को सीजर के स्टूडेंट रह चुके है और पिछले 15-16 सालो से जोधपुर मे अपनी डांस क्लास में डांस सीखा रहे है। पुनीत की डांस क्लासेज के काफी बच्चे टीवी के कार्यक्रम में भी हिस्सा लेकर वहां प्रस्तुति दे चुके हैं। 2018 में पुनीत परमार चीन से भी डांस का प्रशिक्षण ले चुके हैं। इस फेस्टिवल की ट्रेनिंग गुजरात के सूरत शहर में हुई। 20 - 21 दिन के इस ट्रेनिंग कैंप में डांस के कई गुर सिखाए गए और आयोजित फेस्टिवल की पूरी तैयारी की गई। फ्रांस में आयोजित होने वाले म्यूजिक और डांस फेस्टिवल में भारतीय कलाकार अपनी भारतीय लोक कला और संस्कृति को दर्शाते हुए कई अलग-अलग डांस की प्रस्तुति देंगे जिसमें राधा कृष्ण लीला , कृष्णा राज, कालबेलिया, घूमर और गरबा शामिल है । पुनीत परमार ने अल्प समय में सफलता प्राप्त कर देश विदेश में परिवार के साथ समाज को गौरवान्वित किया है। हमें आप पर गर्व है। हम सभी युवा पुनीत को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते है।

# महापंचायत में योगदान करने वाले 200 समाज बंधुओं का फूले ब्रिगेड ने किया बहुमान

सीकर। पूर्व में हुई सैनी समाज की महापंचायत पर रविवार को यहां मंथन किया गया। साथ ही महापंचायत में योगदान देने वाले 200 से अधिक जनों का सम्मान किया गया। फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी ने बताया की कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष भंवर लाल फूले ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, कांवट सरपंच मीना देवी, जिला परिषद सदस्य परमानंद सैनी, हर्ष सरपंच घीसालाल सैनी, शिवसेना जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, विष्णु सैनी ने दीप प्रज्वलन करके किया। कार्यक्रम को फुले ब्रगेड प्रदेश अध्यक्ष जयप्रकाश सैनी, भंवरलाल गार्ड, परमानंद सैनी, आनंद टांक, महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान के उपाध्यक्ष रामगोपाल,भाजपा जिला महामंत्री रामनिवास सैनी फतेहपुर, दीनदयाल नेचवा, मनोहरलाल सैनी, विष्णु सैनी, फूले ब्रिगेड जिला प्रमुख पुष्कर सिंगोदिया, जिला प्रभारी रमेश पंवार आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर सैनी समाज संस्था अध्यक्ष भंवरलाल सैनी ने शेखावाटी स्तर का -प्रतिभा सम्मान समारोह सैनी मंदिर में सैनी समाज के बैनर तले करवाने की घोषणा की। जिला प्रभारी रमेश पंवार ने प्रतिभा सम्मान के साथ साथ प्रतिभा प्रोत्साहन योजना बनाने पर विचार करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महात्मा ज्योतिबा फुले शिक्षण संस्थान सचिव ओमप्रकाश सैनी, शिवसिंहपुरा सरपंच महावीर कॉमरेड, नटखट ग्रुप निदेशक विनोद सैनी, नरेश सैनी होटल तारा पैलेस, पूर्व सभापति गणपत लाल सैनी, यूथ विंग जिला अध्यक्ष राहुल समर्थपुरा, सैनी समाज पंचायत फतेहपुर अध्यक्ष दयाराम सैनी,सोहनलाल सैनी घोराना, राकेश घोराना, सुनील घोरना, राकेश घोराना सहित सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नेमीचंद इंदौरिया घोराना ने सैनी समाज छात्रवास में एक कमरे निर्माण की घोषणा भी की।

# डॉ आरपी सैनी का उन्नत भारत सेवाश्री शिक्षा रतन पुरस्कार के लिए चयन



करनाल, 01 जुलाई। डीएवी पीजी कॉलेज के प्रिंसिपल, विख्यात शिक्षाविद् तथा सामाजिक वैज्ञानिक डॉ रामपाल सैनी का चयन उन्नत भारत सेवाश्री शिक्षा रतन पुरस्कार के लिए हुआ है। उन्नत भारत संगठन नईदिल्ली की ओर से यह पुरस्कार पुरे भारतवर्ष के अलग- अलग प्रांतों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान, कार्यो व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 5 शिक्षाविदों को हर वर्ष दिया जाता है। जिसके लिए हरियाणा से डॉ आर पी सैनी को चुना गया है। डॉ. आर पी सैनी को पहले भी डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अवार्ड, भारत शिक्षाविद् रतन अवार्ड, हरियाणवी लोक साहित्य एवं संस्कृति सम्मान से नवाजा जा चुका है।

डॉ आर पी सैनी को पुरस्कार की घोषणा के बाद से ही हरियाणा के शिक्षाविदों व शिक्षा जगत से जुड़े हुए जनों में खुशी का माहौल बना हुआ है। उनको बधाई देने वाले लोगों का महाविद्यालय परिसर में तांता लगा है। विदित रहे प्रिंसिपल डॉ आरपी सैनी 26 वर्षो तक शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। भारत की कई प्रसिद्ध युनिवर्सिटी के शोधार्थी उनके मार्गदर्शन में पीएचडी कर रहे हैं। उनकी 5 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी है वह अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सेमिनार्स में सौ से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत कर चुके हैं। इतना ही नहीं वह वर्तमान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष व शैक्षणिक परिषद के सदस्य भी हैं। पुर्व में वह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र की कार्यकारी परिषद, उपकुलपति प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ, विश्वविद्यालय कोर्ट, पाठयक्रम कमेटी, डीपीआई कमेटी आदि के भी सदस्य रह चुके हैं। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले वह हरियाणा से अकेले व्यक्ति हैं। पुरस्कार के लिए चयन पर डॉ आर पी सैनी ने कहा कि हमेशा से ही उनका यह प्रयास रहा है कि योग्य, गरीब, देहात और जरुरतमंद विद्यार्थियों के लिए उच्चतम शिक्षा की बेहतरीन व्यवस्था वह कर सकें, इसके साथ ही महिला शिक्षा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता देना उनका मुख्य उद्देश्य है। जिसको लेकर सदैव वह कार्यरत रहते हैं, उन्होंने कहा कि मेरे लिए सबसे बड़ा सम्मान यही है कि मैं समाज में अंतिम पायदान पर खड़े किसी छात्र-छात्रा के लिए अच्छी और सस्ती सुव्यवस्थित शिक्षा की व्यवस्था कर सकुं, ताकि समाज में प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान एवं गौरव मिल सके , उन्होंने उन्नत भारत संगठन का भी आभार व्यक्त किया जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियों को पहचान कर उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस मौके पर सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे

हम सभी सैनी जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते है

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासुदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास) सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी, जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़
श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर

श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी
श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर
सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लारामगहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पुनाराम गहलोत, जोधपुर

# हार्दिक बधाई



**अर्जुन सैनी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित**

समाज के युवा अर्जुन सैनी IES नेवरी उदयपुरवाटी को NHAI में श्रेष्ठ कार्य करने पर भारत के लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं राज्य मंत्री वीके सिंह द्वारा विज्ञान भवन दिल्ली में एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया। हम सभी प्रशासनिक अधिकारी अर्जुन जी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते है।



**रतीराम सैनी ने बर्लिन में जीता गोल्ड मेडल**

पूर्व खिलाड़ी रतीराम सैनी ने बर्लिन (जर्मनी) मे आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय रेलवे क्रास कन्ट्री चौम्पियनशिप 2022 में गोल्ड मैडल जीतकर देश एवं प्रदेश का नाम रोशन किया है।

लखनऊ में वरिष्ठ टैक्नीशियन के पद पर कार्यरत रतीराम ने अभावों में रहकर यह उपलब्धि हासिल की हैं। रतीराम इससे पूर्व चौक गणराज्य, 2008 एवं डेनमार्क 2016 में भी इसी स्पर्धा में गोल्ड मैडल, एशियाई ऐथलैटिक्स चौम्पियनशिप पूना 2013 में कांस्य पदक तथा दक्षिण एशिया क्रोस कन्ट्री चौम्पियनशिप 2018 भूटान में गोल्ड मैडल जीत चुके है।



**दिलमोहन सिंह कच्छवाह बनें सीटीआई :** युवा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी दिलमोहन कच्छवाहा के जोधपुर उत्तर पश्चिमी रेलवे जोधपुर मंडल में नए सीटीआई चेकिंग (CTI) बनने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।




**जतिन सैनी को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित :** उत्तरप्रदेश मुरादाबाद जिले में प्रथम रैंक और उत्तर प्रदेश में 5जी रैंक पाने वाले जतिन राज सैनी को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। हम सभी जतिन राज सैनी को हार्दिक बधाई प्रेषित करते है।



**सतीश गहलोत के रोटरी इंटरनेशनल क्लब आगर (म. प्रदेश) का अध्यक्ष बननें पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**


श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, फलोदी
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबुलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपुर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री आनंदसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल पुत्र श्री नेपाराम देवड़ा, बालरंवा, तिंवरी
श्री अमृत सांखला, फ्यूचर प्लस क्लासेज, जोधपुर
श्री चेतन देवड़ा पुत्र स्व. श्री मानसिंह देवड़ा, जोधपुर
श्री अरविंद गहलोत (पार्षद) पुत्र श्री मांगलाल गहलोत, जोधपुर
सीए श्री अर्जुन पुत्र श्री कांतिलाल परिहार, बाली, पाली
श्री पप्पुराम पुत्र श्री रामचंद्र गहलोत, चौखा, जोधपुर
डॉ. श्री महेन्द्र भाटी 'त्रिकाल', रायपुर, पाली
श्री रोहित पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री रामेश्वर सिंह पुत्र स्व. लाल सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जगन्नाथ सिंह पुत्र श्री मेघसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हुक्माराम भाटी पुत्र श्री सुखदेवराम भाटी, जोधपुर
श्री श्याम लाल पुत्र श्री बुद्वाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री रामकिशन माली, करौली
श्री चेतन सिंह पुत्र श्री संतोकसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री लुंबाराम देवड़ा, जगदम्बा पब्लिक स्कूल, जोधपुर
श्री विकास कच्छवाहा पुत्र श्री नरेन्द्रसिंह, जोधपुर
श्री कानाराम सांखला, कानजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री कुशाल राम सांखला, रामजी स्वीट्स, जोधपुर
श्री मुकेश टाक पुत्र श्री हरीसिंह टाक, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र श्री आनंदप्रकाश गहलोत, जोधपुर
श्री आनंदसिंह पुत्र श्री जगदीश सिंह सांखला, जोधपुर
श्री जयंत सांखला,आर.एस.एम.विद्याश्रम, जोधपुर
श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री मोहनलाल कच्छावा, अजमेर
श्री ताराचंद पुत्र श्री मोतीलाल सांखला, मथानियां
डॉ. कमल सैनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश
श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री गणपत जी लाडंनू
डॉ प्रवीण पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राकेश पुत्र श्री छतरसिंह गहलोत, जोधपुर
डॉ. भीमपाल पुत्र श्री बुधाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धमेन्द्र कच्छवाहा,भीलवाड़ा
श्री गोविंद पुत्र श्री भगवानसिंह परिहार, जोधपुर
श्री शरद टाक, जोधपुर
श्री मुकेशराज पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, जोधपुर
श्री रविन्द्र सिंह परिहार, नागौर मोटर्स, नागौर
श्री अर्जुन सिंह पुत्र श्री कल्याण सिंह कच्छवाह, पीपाड़
श्री कुशाल कच्छवाह, के. के. फिलिंग स्टेशन, जोधपुर
श्री अरविंद पुत्र स्व. श्री पुरूषोत्तम गहलोत, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश










## ही क्यों ?

**क्योंकि ?**

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

**क्योंकि ?**

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

## सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 15 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

### सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु. 600/-** | **5 वर्ष रु. 1,500/-** | **आजीवन रु. 3,100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________________

पता ____________________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ________ पोस्ट ________ तहसील ________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अत: मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

होटल सिटी पैलेक के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01 मो. 77379 54550 ( रजि. कार्यालय )

Mobile : 94144 75464 Visit us at : www.malisainisandesh.com
www.malisaini.org. E-mail :malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org

## RATES

### Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

द्धहृहृश्चक्रष्ठहृस्हृक्र

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

**Cell : 94144 75464**

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**रजि. कार्यालय : होटल सिटी पैलेस के पीछे, नई सड़क, जोधपुर – 01**
**मो. 77379 54550 ( कार्यालय )**



# प्रेरक व्यक्तित्व सिविल जज शिवकांत कुशवाह

## किसी प्रेरणा से कम नहीं है शिवकांत कुशवाह की कहानी

## पिता मजदूर, बेटे ने सब्जी का ठेला लगाया, 4 बार असफल हुआ फिर मेहनत के दम पर बना सिविल जज

**'राहों में मुसीबत आई, पर मैंने हार नहीं मानी, मंजिल पर पहुँच कर लिखूँगा, अपनी सफलता की कहानी...**

उपरोक्त पंक्तियां मध्य प्रदेश के शिवकांत कुशवाहा पर बिलकुल फिट बैठती हैं। जो गरीबी से निकलकर कुछ बनने का सपना देखा। सब्जी बेचीं, भूखे रहे. चार बार असफलता भी मिली। लेकिन हिम्मत नहीं हारी। पांचवी मर्तबा जज बनकर अपनी दिवंगत मां के सपने को पूरा किया। जो उनके संघर्ष और मेहनत का नतीजा है।

**गरीबी में बीता बचपना**

दरअसल मध्यप्रदेश के सतना जिले के अमरपाटन के रहने वाले शिवकांत कुशवाहा का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ। उनके पिता मजदूरी करते हैं। घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। किसी तरह दो वक्त के खाने का प्रबंध हो पाता था। एक कच्चे मकान में परिवार गुजर बसर करता था।

वहीं शिवकांत को बचपन से ही पढ़ने का शौक था। वो कुछ बनने का सपना देखने लगे। बेटे के पढ़ाई में अच्छे होने की वजह से मां ने उसे जज बनाने का सपना देखा था। लेकिन हालात के मद्देनजर शिवकांत के लिए यह आसान नहीं था। घर का खर्च चलाने के लिए मां भी मजदूरी करती थीं। शिवकांत का बचपना गरीबी में बीता। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए शिवकांत बताते हैं कि मजदूरी करके जब माता-पिता वापस घर आते थे। तब हमारे यहां उस दिन का राशन आता था। एक दिन मैं राशन लाने गया था। तभी मौसम खराब हो गया। जोरदार बारिश होने लगी। मैं राशन लेकर जब वापस आ रहा था। तो गड्डे में फिसलकर गिर गया। मेरे सिर में चोट आई थी। मैं बेहोश हो गया था। जब मैं देर रात तक वापस घर नहीं लौटा तो मां ढूंढते हुए बेहोशी की हालत में वापस घर ले गईं थीं।

**सब्जी का ठेला लगाते थे**

पढ़ाई करने के दौरान उन पर गमों का पहाड़ टूट पड़ा। साल 2013 में उनकी मां चल बसीं। मां की जुदाई शिवकांत के लिए आसान नहीं थी। लेकिन मां ने उनके लिए जो सपना देखा था। उसे शिवकांत किसी भी हाल में पूरा करने की ठान ली थी। घर की आर्थिक हालात को देखते हुए पढ़ाई करने के साथ कमाने भी लगे। शिवकांत सब्जी का ठेला लगाते, वहीं जब गर्मी का मौसम आता तब वे गन्ने का जूस बेचकर अपना पेट पालते।

**चार बार मिली असफलता**

तमाम मुसीबतें आईं, लेकिन शिवकांत ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई अमरपाटन के सरदार पटेल स्कूल से पूरी की। इसके बाद अमरपाटन शासकीय कॉलेज में एडमीशन ले लिया। ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल करने के बाद ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय से स्स्ठ की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद शिवकांत कोर्ट में प्रैक्टिस करने के साथ-साथ सिविल जज की तैयारी करने लगे। लेकिन एक बार नहीं पूरे चार बार उन्हें असफलता मिली। बावजूद इसके शिवकांत पीछे नहीं हटे। वे मेहनत करते रहे।

**फिर बने सिविल जज, पत्नी का भी मिला साथ**

शिवकांत लगातार असफल हो रहे थे, उनकी शादी भी हो चुकी थी। उनकी पत्नी मधु निजी स्कूल में पढ़ाती हैं। उन्होंने भी अपने पति का बहुत सहयोग किया। उनके मनोबल को बनाए रखीं। एक मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मधु पति शिवकांत की राइटिंग सुधारने में भी उनकी मदद करती। उनकी कॉपी भी चेक करती। जहां गलतियां होतीं उन्हें मार्क कर देतीं। उनका प्रोत्साहन बढ़ाती रही।

**शिवकांत भी लगे रहे:**

अंततः पांचवें प्रयास में उन्हें सफलता हासिल हुई। शिवकांत ने अपने दिवंगत मां के सपने को पूरा कर दिया। उन्होंने बिना कोचिंग किए, सेल्फ स्टडी के दम पर सिविल जज की परीक्षा पास की थी। उनको ओबीसी वर्ग में पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। जो उनकी मेहनत और संघर्ष का नतीजा है। हमें गर्व है समाज के युवा शिवकांत पर आप युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक व्यक्तित्व है।



# हरियाण निकाय चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती कमलेश सैनी विजयी घोषित 6 चेयरमैन चुनें गए

### श्रीमती कमलेश सैनी को किसी पार्टी ने टिकट नहीं दिया, निर्दलीय चुनाव लड़ रिकॉर्ड मतों से जीती



हरियाणा। जब किसी पार्टी ने टिकट नही दिया तो नारनौल की 36 बिरादरी ने साथ दिया और निर्दलीय उम्मीदवार श्रीमती कमलेश सैनी को 14,634 वोटो से जिताया। हरियाणा प्रदेश में नगर परिषद व नगर पालिकाओं के चुनाव परिणाम आने पर समाज के प्रत्याशियों जिलेसिंह सैनी झज्जर, श्रीमती प्रिया सैनी नांगल चौधरी, बक्शी सैनी चरखी दादरी, डॉ अनुराधा सैनी जींद व रमेश सैनी महेंद्रगढ़ के अपने अपने क्षेत्रों से चेयरमैन चुने जाने पर एवं विजयी नगर पार्षदों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं और अभिनंदन ।

# विरले भामाशाह डॉ निर्मल गहलोत ने 25 लाख का किया सहयोग

जोधपुर। जोधपुर एम्स हॉस्पिटल के सामने माली संस्थान के नवनिर्मित आरोग्य भवन (मरीजों के परिजनों के ठहरने के लिए) धर्मशाला को बिजली की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने के लिए सोलर उर्जा संयंत्र के निर्माण हेतु निर्मल गहलोत ने अपने पिता ओमप्रकाश गहलोत व अनुज तरूण गहलोत उत्कर्ष परिवार की तरफ से रु 25 लाख रूपये का चेक भेंट किया।

इस अवसर पर राजसिको के डॉयरेक्टर सुनील परिहार, माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष प्रेमसिंह परिहार, पूर्व अध्यक्ष देवीचंद देवड़ा सहित समाज के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ध्यातव्य है कि माली संस्थान द्वारा एम्स के सामने निर्मित इस धर्मशाला का उपयोग किसी भी धर्म व जाति के मरीज के परिजन कर सकेंगे। इससे पूर्व फरवरी माह में एम्स के सामने ही एक अन्य धर्मशाला श्री कृष्ण सेवा सदन के निर्माण हेतु भी उत्कर्ष परिवार की तरफ से 1 करोड़ रुपए की राशि भेंट की गई थी।

निर्मल गहलोत द्वारा समाज की अनेकों संस्थाओं को समय समय पर आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। इसके साथ ही आप समाज के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करते है।



स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com
पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR